पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 219

ग्वालियर, बुधवार, 29 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

उपचुनाव का ऐलान...तेज होगा राजनीति का घमासान

एक बार फिर शिवराज-कमलनाथ आमने-सामने

भोपाल। मध्यप्रदेश में उपचुनाव के लिए बिगुल बज गया है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। प्रदेश की एक लोकसभा सीट खंडवा, विधानसभा सीट जोबट, पृथ्वीपुर और रैगांव में 30 अक्टूबर को मतदान होगा। परिणाम 2 नवंबर यानी धनतेरस के दिन आएगा। विधानसभा चुनाव 2018 और 28 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के बाद अब एक बार शिवराज सिंह चौहान और कमलनाथ आमने-सामने होंगे। उपचुनाव का ऐलान होने के बाद मुख्यमंत्री ने अपना कार्यक्रम बदल दिया है। वे दोपहर 12 बजे भाजपा दफ्तर पहुंचे। यहां प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत सहित अन्य बड़े पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में बैठक की। भाजपा चारों सीटें हर हाल में जीतना चाहती है।

उपुचनाव मिशन 2023 का सेमीफाइनल: भाजपा औरकांग्रेस, दोनों ही दल उपचुनाव को 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में सत्ता का सेमीफाइनल मान रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एक बार फिर चुनाव मैदान में आमने-सामने होंगे। भाजपा विकास को आगे रखकर ही वोट मांगेगी। इसके लिए नारा दिया है- शिवराज सरकार, भरोसा बरकरार, जबकि कांग्रेस को जनता से

सीधे संवाद के माध्यम से दमोह उपचुनाव जीत के मॉडल पर भरोसा है। इसी पैटर्न को आने वाले उपचुनावों में भी लागू किया जाएगा।

चारों सीटें भाजपा-कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण: खंडवा लोकसभा सीट भाजपा सांसद नन्द कुमार सिंह चौहान के निधन से खाली हुई है। इसके अलावा पृथ्वीपुर विधानसभा सीट कांग्रेस पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह राठौर के निधन से खाली हुई। जोबट विधानसभा सीट कांग्रेस के कलावती भूरिया के निधन से खाली हुई, जबकि रैगांव विधानसभा सीट भाजपा विधायक जुगल किशोर बागरी के निधन से खाली हुई। निमाड़ की खंडवा लोस सीट के लिए कांग्रेस से अरुण यादव की दावेदारी है। अर्चना चिटनीस, कृष्णमुरारी मोघे और कैलाश विजयवर्गीय की दावेदारी से भाजपा में असमंजस है। राजपाल सिंह तोमर के नाम पर भी मंथन चल रहा है। जोबट विस सीट आदिवासी बहुल है। 2018 के चुनाव में यह वर्ग भाजपा से नाराज रहा था। इस वर्ग का विश्वास जीतना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। इस वर्ग को अपने समर्थन में लाने के लिए हाल ही में वरिष्ठ पदों पर नियुक्ति की गई है। विंध्य क्षेत्र की रैगांव सीट पर अजा वर्ग के मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। इस सीट पर कब्जा बरकरार रखना भाजपा के लिए टेढ़ी खीर है। वहीं बुंदेलखंड क्षेत्र की पृथ्वीपुर सीट पर सामान्य और पिछड़ा वर्ग का दबदबा है।

मप्र में उपचुनाव के लिए 30 अक्टूबर को होगा मतदान

भोपाल। मध्य प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीख की घोषणा कर दी है, ?जिसके अनुसार 30 अक्टूबर को मतदान मतदान होगा। 1 अक्टूबर को इसका नोटिफिकेशन जारी होगा, जिसके बाद 8 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 11 अक्टूबर को नामांकन की जांच की जाएगी। 13 अक्टूबर को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख रखी गई है। 30 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसके बाद 2 नवंबर को वोटों की गिनती की जाएगी। बता दें ?कि प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट और 3 विधानसभा सीटों जोबट, रैगांव और पृथ्वीपुर उपचुनाव के लिए 30 अक्टूबर को मतदान होगा। कोरोना संक्रमण

खास खबर

पंजाब कांग्रेस इकाई प्रमुख पद से नवजोत सिंह सिद्धू ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से नवजोत सिंह सिद्धू ने मंगलवार को इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने करीब दो माह पहले ही 23 जुलाई को पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला था। 18 सितंबर को अमरिंदर सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए चरणजीत सिंह चन्नी को 20 सितंबर को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाए जाने के बीच सिद्धू का यद कदम बेहद चौंकाने वाला बताया जा रहा है। सिद्धू ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे गए अपने इस्तीफे में लिखा, एक आदमी के चरित्र का पतन समझौते से शुरू होता है। मैं पंजाब के भविष्य और भलाई के साथ कभी समझौता नहीं कर सकता। ऐसे में, मैं पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं। मैं कांग्रेस के लिए काम करता रहूंगा। प्रदेश अध्यक्ष पद संभालने से पहले सिद्धू ने 2019 में अपने स्थानीय निकाय विभाग से हटाए जाने के बाद राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कांग्रेस में आए थे।

बीएसएफ ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, नशीला पदार्थ बरामद किए

जम्मू। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगते अखनूर इलाके में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, नशीला पदार्थ और नकली नोट बरामद करने में बीएसएफ को बड़ी कामयाबी मिली। बीएसएफ के अधिकारियों ने कहा कि एक विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, अखनूर क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास तलाशी अभियान चलाया गया।तलाशी के दौरान मोटी सरकंडा घास में छिपा एक थैला मिला।इसमें चार पिस्तौल, आठ मैगजीन, 7.63 गुणा 25 एमएम की 190 गोलियां, एक किलो वजनी नशीला पदार्थ (संभावित हेरोइन) और 2,75,000 रुपये के नकली नोट मिले हैं।बयान के अनुसार, यह खेप क्षेत्र के राष्ट्र विरोधी तत्वों (एएनई) तक पहुंचाने की संभावना थी, लेकिन बीएसएफ ने खेप को जब्त करके उनके नापाक प्रयासों को विफल कर दिया।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज को सांस लेने में तकलीफ के कारण तबीयत बिगड़ने के चलते मंगलवार को उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी जांच चल रही है। चेकअप के बाद ही डॉक्टर कुछ बताने की बात कह रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनको मंगलवार की सुबह अचानक से सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई। एम्स पहुंचने पर वहां संस्थान के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया के नेतृत्व में इलाज चल रहा है। फिलहाल उन्हें वहां निजी वार्ड में भर्ती कराया गया है, डॉक्टरों के अनुसार अभी उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। बता दें कि इससे पहले अगस्त महीने में अनिल विज को ऑक्सीजन का स्तर गिरने के चलते चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य कारणों के चलते वे राज्य विधानसभा के मानसून सत्र में शामिल नहीं हो सके थे। ऐसा पहली बार हुआ था कि अनिल विज विधायक बनने के बाद विधानसभा सत्र में हिस्सा नहीं ले पाए।

महिला सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही मोदी सरकारः जेपी नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उद्योग, खेल, चिकित्सा, विज्ञान से लेकर अंतरिक्ष तक भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर नड्डा ने कहा,रानी लक्ष्मीबाई और कई अन्य महिला स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और उनके योगदान को कोई नहीं भूल सकता। स्वतंत्रता के बाद के युग में भी, भारतीय समाज में महिलाओं का योगदान अद्वितीय रहा है।◦उन्होंने कहा,उद्योग, खेल, चिकित्सा, विज्ञान से लेकर अंतरिक्ष तक, भारतीय महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रही हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न टोक्यो ओलंपिक में भी अपनी योग्यता साबित की।

नड्डा ने कहा,हमारा मानना है कि किसी भी देश के विकास के लिए महिलाओं को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।नरेंद्र मोदी कैबिनेट में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के बारे में बात कर नड्डा ने कहा, मोदी सरकार में महिलाओं की भूमिका और संख्या हाल के दिनों में बढ़ी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 12 महिला मंत्री हैं, जो कुल का 14 प्रतिशत है। यह भारत के इतिहास में एक रिकॉर्ड है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रक्षा, विदेश, वित्त और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय महिला मंत्रियों को दिए हैं। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू भूमिकाओं में महिलाओं के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। सरकार ने कांस्टेबल के पद के लिए सीआरपीएफ और सीआईएसएफ में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है।नड्डा ने कहा, ◦हमारी सरकार ने पूरे भारत के आठ शहरों में सेफ सिटी प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। मोदी सरकार ने 2015 में एक महिला हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया था। महिलाएं अब सहायता के लिए 181 का उपयोग कर सकती हैं। पहली बार, महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों से निपटने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक नया डिवीजन बनाया गया है। देश के हर थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

किसानों की आमदनी बढ़ने में जुटी मोदी सरकार, विशेष गुणों वाली 35 फसल की किस्में राष्ट्र को समर्पित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष गुणों वाली 35 फसल की किस्में राष्ट्र को समर्पित कीं।इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रीय जैविक संस्थान रायपुर, छत्तीसगढ़ के नवनिर्मित परिसर का भी उद्घाटन किया।पीएम मोदी ने कहा कृषि और विज्ञान के तालमेल का निरंतर बढ़ते रहना 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरी है। आज इसी से जुड़ा एक और अहम कदम उठाया जा रहा है। देश के आधुनिक सोच वाले किसानों को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे किसानों की जिंदगी में बदलाव की आशा का साथ ये सौगात में आज कोटि-कोटि किसानों के चरणों में समर्पित कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता किसानों की जरूरत को पूरा करना है और इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही हैं। मोदी ने कहा कि बीते 6-7 सालों में साइंस और तकनीक को खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से बदलते हुए मौसम में, नई परिस्थितियों के अनुकूल, अधिक पोषण युक्त बीजों पर हमारा फोकस बहुत अधिक है। हमारे यहां उत्तर भारत में घाघ और बटुरी की कृषि संबंधी कहावतें बहुत लोकप्रिय रही है। घाघ ने आज से कई शताब्दि पहले कहा था, जेते गहिरा जोतै खेत, परे बीज फल तेतै देत। यानि खेत की जुताई जितनी गहरी की जाती है, बीज बोने पर उपज भी उतनी ही अधिक होती है। आज 35 और नई फसलों की वैरायटी देश के किसानों के चरणों में समर्पित की जा रही हैं।ये बीज जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से खेती की सुरक्षा करने और कुपोषण मुक्त भारत के अभियान में बहुत सहायक होने वाला हमारे वैज्ञानिकों की खोज का परिणाम है।

SOMYA GROUP
सौम्या प्रोपर्टीज
ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनों का घर बनाने के लिये प्लॉटबुक करें
प्लॉट उपलब्ध है
पिंटो पार्क, ग्वालियर
भिण्ड रोड़,
ग्वालियर मुरैना रोड
बडागाँव
खुरैरी रोड़, एयरपोर्ट
शनिचरा रोड़
सेना के जवानों के लिये विशेष छूट
बेटी के नाम पर चुकिंग करने पर आकर्षक उपहार 10% की छूट
संचालक विपिन तोमर 9713253992
सह संचालक (Ex Army) रविन्द्र तोमर 7742304772
मार्केटिंग हेड मानवेन्द्र राजावत 6269453267
तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

VEDANTA PVT. ITI
VEDANTA PVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE MEHGAON, BHIND
ESTD : 2015
प्रवेश प्रारंभ
TRADE
ELECTRICIAN
FITTER
I.T.I. पास को माना जायेगा 12वीं पास
योग्यता 10वीं पास
Add.: Near Agrawal Petrol Pump,
Bhind Road,
Mehgaon, Bhind (M.P.)
Mob.7000404914, 7694927881



मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर बैठक आयोजित

संभागायुक्त एवं आई.जी. ने की तैयारियों की समीक्षा

शिवपुरी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का शिवपुरी जिले का भ्रमण प्रस्तावित है। भ्रमण कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। मंगलवार को संभागायुक्त आशीष सक्सेना और आईजी अवनीश शर्मा ने शिवपुरी का भ्रमण किया। जहाँ उन्होंने कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल से तैयारियों के संबंध में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा, हितग्राहियों की संख्या आदि की जानकारी भी ली। संभागायुक्त आशीष सक्सेना ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं को ऋण सहायता सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में महिला हितग्राही मौजूद रहेंगी इसलिए महिला कर्मियों की ड्यूटी भी व्यवस्था में लगाई जाए। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बैरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कर लिया जाए। वहीं फायर फाइटर, एम्बुलेंस, सुरक्षा व ट्राफिक व्यवस्था में अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कन्या पूजन, मंच पर द्वीप प्रज्वलन एवं कार्यक्रम उपरांत मुख्यमंत्री का हितग्राही से मिलने की व्यवस्था करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा, अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर दिनेश शुक्ला, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा

संभागायुक्त एवं आईजी ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। स्टेडियम के समीप कार्यक्रम स्थल बनाया गया है जहां तैयारियां जारी है। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर एंट्री,मंच व्यवस्था वृक्षारोपण के लिए स्थल, आने जाने की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया।

जनसुनवाई में 290 आवेदक आए अपनी समस्याए लेकर

शिवपुरी।

राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप आमजनों की समस्या के निराकरण के लिए प्रति सप्ताह के मंगलवार को जनसुनवाई रखी जाती है। जहाँ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कल मंगलवार को 290 आवेदक अपनी समस्याए लेकर आए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच. पी. वर्मा एवं अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के डिप्टी कलेक्टर और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे । सभी अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया।

फोटो-ङ्ग0140

103 करोड़ का महाघोटाल अपडेट-

सहकारी बैंक शिवपुरी की महाप्रबंधक लता कृष्णन सहित 14 अधिकारी कर्मचारी सस्पेंड

शिवपुरी।

खबर शिवपुरी जिले के केन्द्रीय सहकारी बैंक से जुडी हैं। जहाँ मंगलवार को इस घोटाले में भोपाल स्तर से कार्यवाही की गई हैं। बताया जा रहा हैं कि इस घोटाले की जांच करने आई 13 सदस्यीय जाँच समिति की जांच रिर्पोट के आधार पर शिवपुरी सहकारी बैक की जिला प्रबंधक लता कृष्णनन सहित 4 सीईओ सहित 14 लोग निलम्बित किए गए है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शिवपुरी में गबन और घोटाला करने की गड़बड़ी का मामला सामने आने पर उन्होंने 13 सदस्यीय जाँच कमेटी गठित कर गड़बड़ी के हर पहलू और उससे जुड़े प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी की भूमिका की जाँच के आदेश दिये थे। जाँच कमेटी द्वारा एक माह की समय-सीमा में जाँच कर प्रतिवेदन दिया। बैंक में गबन और गड़बड़ी के मामले में शिवपुरी के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में समय-समय पर पदस्थ रहे 4 मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, शिवपुरी बैंक के प्रबंधक, लेखापाल और लिपिक संवर्ग के कुल 10 कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जाँच समिति के प्रतिवेदन पर आरोपी अधिकारियों - कर्मचारियों पर तुरंत कार्यवाही करते हुए बैंक केडर के प्रथम श्रेणी के 3 अधिकारी, द्वितीय श्रेणी की एक अधिकारी और बैंक के 10 कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है। गबन करने वालों की सम्पत्ति को बैंक द्वारा सीज भी कर लिया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शिवपुरी में हुए गबन और धोखाधड़ी के प्रकरण में समय-समय पर शिवपुरी में सीईओ के पद पर पदस्थ रहे जिन 4 बैंक अधिकारियों को निलम्बित किया गया है, उनमें वर्तमान में शिवपुरी बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवपुरी में पदस्थ श्रीमती लता कृष्णन,टीकमगड़ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ ए.एस. कुशवाह, वर्तमान में मुरैना में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ डी.के.सागर और वर्तमान में रीवा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ वाय.के.सिंह शामिल हैं।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शिवपुरी में ए.एस. कुशवाह एक जनवरी, 2006 से 22 जून, 2012 और 21 अगस्त, 2015 से 8 मार्च, 2019 तक पदस्थ रहे। इस दौरान श्री कुशवाह ने अपने कर्तव्यों का ठीक ड़ंग से निर्वाह नहीं किया। कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती। इसके परिणाम स्वरूप बैंक की शाखा कोलारस में गबन का घोटाला हुआ। समिति की जाँच ने अपने प्रतिवेदन में श्री कुशवाह की बैंक गबन और घोटाले में संलिप्तता होने का उल्लेख किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक शिवपुरी में 6 मार्च, 2014 से 21 मार्च, 2015 तक पदस्थ रहे श्री डी.के. सागर, 11 मार्च, 2019 से 8 जुलाई, 2020 तक पदस्थ रहे श्री वाय.के. सिंह और 6 जुलाई, 2020 से अब तक पदस्थ श्रीमती लता कृष्णन को भी जाँच दल ने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही और उपेक्षापूर्ण कार्य-प्रणाली से बैंक में गबन और घोटाला होने के लिये जिम्मेदार माना है। प्रशासक अपेक्स बैंक श्री नरेश पाल कुमार द्वारा निलम्बित चारों अधिकारियों में श्री कुशवाह, श्री सागर, श्री सिंह प्रथम श्रेणी केडर के अधिकारी हैं, जबकि श्रीमती लता कृष्णन द्वितीय श्रेणी केडर की अधिकारी हैं। चारों निलम्बित अधिकारियों को निलम्बन अवधि में अलग-अलग मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। श्री कुशवाह को सहकारी बैंक शाखा सागर, सीईओ श्री सागर को राज्य सहकारी बैंक शाखा ग्वालियर, श्री सिंह को राज्य सहकारी बैंक शाखा रीवा और श्रीमती कृष्णन को राज्य सहकारी बैंक मुख्य शाखा टी.टी. नगर भोपाल से संबद्ध किया गया है। प्रशासक राज्य सहकारी बैंक द्वारा जारी आदेश में हवाला दिया गया है कि आर्थिक अनियमितता और गबन के संबंध में डॉ. अनिल कुमार को जाँच दल का प्रमुख बनाया गया था। डॉ. अनिल कुमार के साथ 12 अन्य अधिकारी-कर्मचारी जाँच दल से संबद्ध थे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैराढ स्टाफ नर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

शिवपुरी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन द्वारा गत दिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैराढ का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान डिलेवरी कराने आई प्रसूताओं द्वारा पीएचसी बैराढ (पोहरी) स्टाफ नर्स सरिता काकोटिया पर डिलीवरी कराने के लिए रुपए लेने का आरोप लगाए जाने पर संबंधित स्टाफ नर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इस संबंध में संबंधित स्टाफ नर्स को स्पष्टीकरण 03 दिवस में खंड चिकित्सा अधिकारी की टीप सहित भेजने के निर्देश दिए हैं। जवाब संतोषजनक एवं समाधानकारक ना होने की स्थिति में निलंबन का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

शिवपुरी।

कोटा-झांसी फोरलेन हाइवे पर करैरा से दिनारा के बीच एक ढाबे के पास आगे चल रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से कुचल दिया। हादसे में घटना स्थल पर ही युवकी की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामला विवेचना में ले लिया है। आजाद उम्र 22 साल पुत्र प्रताप सिंह यादव निवासी खिरिया सोमवार की सुबह 10 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहा था। बताया जा रहा है कि कृष्णा ढाबे के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट मे आने से आजाद यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया,लेकिन पुलिस ने ट्रक को पकड लिया हैं।

भाजपा नेता ने पेट्रोल पंप के चौकीदार और उसके भाई से की मारपीट, सुबह माफी मांगने चौकीदार के घर पहुंचे

सीसीटीवी कैमरे में मारपीट रिकॉर्ड

शिवपुरी।

पिछोर स्थित एक पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता प्रीतम लोधी द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जहाँ लोधी ने पंप के चौकीदार और उसके भाई के साथ मारपीट की है। मारपीट का पूरा मामला पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वही लोधी का कहना है कि रात को ट्रैक्टर से उन्हें मारने की साजिश रची जा रही थी।

पिछोर विधायक को टक्कर देकर आए चर्चा में

भाजपा नेता प्रीतम लोधी सोमवार देर रात किसी कार्यक्रम में से लौट रहे थे, तभी उनकी गाड़ी रेड्डी चौराहे पर स्थित पडराया पेट्रोल पंप पर डीजल भराने रुकी। इसी दौरान भाजपा नेता प्रीतम सिंह लोधी गाड़ी से उतरे और उन्होंने चौकीदार अच्छे लाल और उसके भाई से मारपीट कर दी।

लोधी का कहना है कि रात को उन्हें मारने की साजिश रचते हुए ट्रैक्टर सामने लाया गया था। इसी के चलाते उन्होंने सतर्कता बरती और गाड़ी से उतरे। वहीं, दूसरी तरफ मेरे ड्राइवर ने ट्रैक्टर चालक से ट्रैक्टर हटाने को कहा तो वह उससे झगड़ा करने लगा और ट्रैक्टर हटाने से मना कर दिया। इसी झगड़े को शांत करने के लिए उन्होंने दो चांटे चौकीदार में और दो चांटे अपने लड़के में मारे थे। वहीं पेट्रोल पंप प्रबंधन से जुड़े विजय पड़रया का कहना है रात में प्रीतम सिंह शराब पीए हुए थे, जिसके चलते नशे में उन्होंने मारपीट कर दी।और सुबह उन्होंने चौकीदार के घर जाकर माफी मांग ली।

फोटो-ङ्ग0185

पत्नि से मिलने आए डॉ पति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, शराब पीने के बाद हुआ था झगड़ा

शिवपुरी। सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मेडीकल कॉलेज के पीछे स्थिति तात्याटोपे हाउसिंग बोर्ड जहां बीती रात्रि अपनी पत्नि से मिलने आए डॉक्टर पति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश का पीएम कराया। अब पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। जानकारी के अनुसार शिवपुरी मेडिकल कॉलेज की नर्स दीपांचल के डॉक्टर पति अमित की सोमवार रात संदिग्ध मौत हो गई। वह सीएचसी अटेर में पदस्थ है और वह शिवपुरी मेडीकल कॉलेज में पदस्थ अपनी पत्नी से मिलने आया था। नर्स जिस कॉलोनी में किराए से रहती है, वहां के लोगों की मानें तो रात में डॉक्टर किसी से फोन पर बात करते हुए झिंक कर रहे थे, तभी नर्स वहां आई और दोनों के बीच झग?ा हुआ। परिजन भी मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। तात्या टोपे नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले मृतक के परिवारवालों का भी कहना है कि उनके बेटे की मौत आत्महत्या नहीं है। वह इतना कमजोर नहीं था कि आत्महत्या कर ले। आत्महत्या का कोई कारण भी नहीं है। घटना से पहले उसने तो वीडियो कॉल पर भी खूब अच्छे से बात की थी।

पत्नी बोली- मैं भूल गई, क्या हुआ था

अटेर सीएचसी में तैनात डॉक्टर अमित पुत्र देवेंद्र हरिऔध उम्र 32 साल निवासी मूल रूप से भिंड के रहने वाले थे। उनकी पत्नी दीपांचल शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स हैं। रविवार को पत्नी से मिलने अमित शिवपुरी आए थे। सोमवार को करीब 9 बजे उन्होंने परिजन से वीडियो कॉल पर बात की। इसके करीब एक से डे? घंटे बाद दीपांचल ने ससुरालवालों को मैसेज के जरिए डॉक्टर की मौत की सूचना दी। दीपांचल का कहना है कि रात को क्या हुआ, उसे कुछ याद नहीं है। इसलिए वह घटनाक्रम को याद करने की कोशिश कर रही है। खास बात यह है कि जब वह कुछ बताने वाली थी तो उसके साथ बैठी नर्स फ्रेंड ने उसे रोक दिया और कैमरे पर हाथ लगाकर रिकॉर्डिंग बंद करने का भी प्रयास किया।

9 महीने पहले लव मैरिज, पत्नी का कराया था ट्रांसफर

डॉ. अमित ने दीपांचल से 9 महीने पहले लव मैरिज की। दीपांचल रीवा मेडिकल कॉलेज में पदस्थ थीं। कुछ समय पहले ही पत्नी का ट्रांसफर करवाकर पति शिवपुरी मेडिकल कॉलेज लाया था। इसके अलावा उसके साथ रहने के लिए वह भिंड से दो दिन बाद बॉन्ड पूरा होने पर नौकरी छो?कर शिवपुरी आने की तैयारी कर रहा था, जिसके लिए उसने अपना सामान भी पैक करवा लिया था। इसके साथ ही अब मृतक की ने पुलिस को बताया है कि रात्रि में उन्होने शराब ज्यादा पी ली थी। जिसे लेकर दोनों में झगडा हुआ था।

जिसके चलते उन्होने रात्रि में उल्टी की और वह उसे लेकर जिला चिकित्सालय पहुंची जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब मौत के कारण के लिए तो अब पीएम रिपोर्ट का ही इंतजार है। उसके बाद ही इस मामले में कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

घर पर अकेली विवाहिता की पंखे के कुंदे से लटकी मिली लाश

शिवपुरी।

जिले के करैरा अनुविभाग में आने वाले दिनारा थाना क्षेत्र में निवासरत एक 22 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता घर में अकेली थी और वह परिजनो को फांसी के फंदे पर लटकी मिली। इस मामले को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिनारा क्षेत्र के बगरौदा गांव में निवास करने वाली कृष्णा पत्नि विशाल लोधी दोहपर 3 बजे खेत से अपने घर चली गयी थी। पति का कहना है कि जब वह शाम को 6 बजे अपने घर लौटा तो मेरा गेट की बाहर से कूंदी लगी थी।

काफी आवाज देने और गेट खटखटाने के बाद जब कुछ आंशका हुई तो वह पडौसी की छत से अपनी छत पर पहुंचा और अपने मकान में नीचे उतरा तो मेरी पत्नि पंखे के कुंदे से फांसी के फंदे पर लटकी मिली।जहाँ पति ने मामले की सूचना पुलिस को दी,जहाँ सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी और मर्ग कायम कर मामला को विवेचना में लेकर जाँच शुरू कर दी।

किसान भाई ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन हेतु 14 अक्टूबर तक पंजीयन कराएं

शिवपुरी।

खरीफ विपणन वर्ष 2021- 22 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) के उपार्जन हेतु किसान अपना पंजीयन 14 अक्टूबर 2021 तक करा सकते हैं। पंजीयन हेतु निर्धारित किये गये 11 पंजीयन केंद्रों पर प्रातः 07 बजे से सायंकाल 09 बजे तक शासकीय कार्य दिवसों में पंजीयन किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि भू स्वामियों को पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन करवाने के साथ-साथ एमपी किसान एप पर भी पंजीयन कर सकेंगे। सिकमी कृषक एवं वन पट्टाधारी का पंजीयन केवल पंजीयन केंद्र पर ही हो सकेगा। ऐसे कृषक का पंजीयन किसान एप नही होगा।

पुलिस कंट्रोल रूम में कलेक्टर-एसपी ने इंटरस्टेट गैंग का किया पर्दाफास

-7 देशी कट्टे, 3 पिस्टल 32 बोर, 3 जिंदा राउण्ड 315 बोर के 6 राउण्ड सहित पल्सर बाइक जब्त

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में अवैध हथियारों की तस्करी कर अपराध को बढ़ावा देने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत देहात पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि देहात थाना प्रभारी रामबाबू यादव के द्वारा 25 सितम्बर को आईटीआई तिराहे पर रूटीन चैकिंग की जा रही थी तभी उसी दौरान अपनी बाइक से जा रहे ऋषभ भदौरिया पुत्र राजेश सिंह भदौरिया उम्र 20 वर्ष निवासी गांधी नगर नयागांव को देशी कट्टे के साथ पकड़ा गया तभी पुलिस ने उक्त आरोपी से अपने अंदाज में पूछताछ की तो उसने दो अपने सहयोगियों के नाम अपने इस कारोबार में शामिल होना बतायेए तभी पुलिस ने विगत दिनांक 27 सितम्बर को आरोपी आकाश उर्फ जग्गू कुशवाह तथा राकेश उर्फकालिया जाटव को आईटीआई तिराहे पॉइन्ट से पाँच देशी कट्टे व तीन देशी पिस्टल व छह जिंदा राउण्ड के साथ धर दबोचा। आरोपी आकाश को पूर्व में देहात पुलिस ने ही 12 बोर की बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया गया था, जो कि उसने उक्त बंदूक उत्तरप्रदेश के खूँखार अपराधी विकास दुवे की गैंग से खरीदा था, उसी कड़ी में विगत दिनांक 28 सितम्बर को अन्य आरोपी अरूण जाटव को भी एक देशी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस सभी आरोपियों की पीआर न्यायालय से माँगेगी ताकि अभी तक इन आरोपियों ने कहाँ कहाँ अवैध हथियारों का विक्रय किया है।

खण्डवा, खरगौन तथा कानपुर व अलीगढ़ से हथियार लाकर कम दामों में बेचने का कारोबार में व्यस्त थे तस्कर

गिरफ्तार किये गये सभी हथियार तस्कर खण्डवा, खरगौन, उत्तरप्रदेश के कानपुर व अलीगढ़ से अवैध हथियारों को बस व निजी वाहनों से लाकर कम दामों में बेचने का कारोबार काफी दिनों से कर रहे थे, जिसका मूवमेंट पुलिस को लगातार मिल रहा था, परंतु सटीक सूचना न मिलने से हथियार तस्कर पुलिस की गिरफ्त से बच रहे थे, लेकिन मुखबिर की सटीक सूचना से सभी अवैध हथियार तस्कर हथियारों के साथ धर दबोच लिया।

तस्करों से पकड़े गये अवैध हथियार

पुलिस के अनुसार सोमवार रात 9.31 बजे आकाश पुत्र स्व.लालाराम कुशवाह उम्र 23 वर्ष निवासी शास्त्रीय नगर बी ब्लॉक, राकेश उर्फ कालिया जाटव पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम ईश्वरी रमपुरा नयागांव जो हथियारों की तस्करी करने के लिए क्षेत्र के आईटीआई तिराहा के अंदर मोड के पास खड़े हुए थे, सूचना मिलते ही पुलिसने घेराबंदी करते हुए दबोच लिया और उनके पास से तीन 32 बोर की पिस्टल, 4 कट्टे 315 बोर के, एक 12 बोर का कट्टा व 3 जिंदा राउण्ड 315 बोर के एवं 2 जिंदा राउण्ड 32 बोर कुल एक लाख रुपये का सामान जब्त किया।

मालनपुर बंद सफल

भिण्ड। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में कांग्रेस, माकपा, आम आदमी पार्टी, सीटू , किसान सभा, जनवादी नौजवान सभा, जनवादी महिला समिति, दलित

मुक्ति मंच के द्वारा मालनपुर क्षेत्र में बंद कराया गया बंद व्यापक रूप से सफल रहा बंद में बंद के दौरान मालनपुर हनुमान चौराहे पर सभा की गई सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया वरिष्ठ मजदूर नेता देवेंद्र शर्मा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा किसान नेता वीरेंद्र सिंह कुशवाह जनवादी महिला समिति की अनीता गोस्वामी रामअवतार बाथम परमाल सिंह तोमर, नारायण शर्मा, महबूब खान, कृष्णा कुशवाह, श्रीलाल माहोर, रामप्रसाद जाटव, सोवत खान, मास्टर रामगोपाल बाल्मीकि, रामसेवक बाल्मिक, राजकुमार राजावत, बल्ली बाथम आदि लोगों के द्वारा संबोधित किया गया सभा का संचालन दलित मुक्ति मंच के नेता हर गोविंद सिंह जाटव के द्वारा किया गया सुबह 8:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 बजे तक क्षेत्र में तमाम नेता सैकड़ों की संख्या में बंद को सफल बनाने के लिए छोटी-छोटी टुकड़ियों में घूम घूम कर बंद कराने की अपील करते रहे बंद व्यापक रूप से सफल रहा।

अनजान महिला ने की पूर्ण मदद 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा पहुंचाया अस्पताल

भिण्ड। घटना मंगलवार दोपहर 12:50 बजे की है, यह पूरा मामला मेहगांव थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम गाता और चिरोल के बीच एक नव दंपति का जोड़ा नीतू उम्र 24 साल पति नंद किशोर शर्मा निवासी ग्राम गड़ी, अपनी पत्नी को 7 माह के प्रसव काल के दौरान अपनी निजी मोटरसाइकिल प्लैटिना से,दंदरौआ धाम मंदिर पर दर्शन के लिए जा रहा था, परंतु ग्राम गाता से आगे निकलते ही अमायन मोड़ के पास से गुजर रही एक अनजान स्विफ्ट कार चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए नव दंपति की गाड़ी को कट मार दी। जिस कारण मोटरसाइकिल चालक नंदकिशोर शर्मा अपना संतुलन खो बैठा और पत्नी सहित रोड पर गिर पड़ा जिस कारण उसकी पत्नी के सर में गंभीर चोट आई और 7 माह का प्रसव काल होने के कारण नीतू के पेट में भी दर्द होने लगा और वह मूर्छित होकर रोड पर गिर पड़ी, और उसके पति को भी हल्की-फुल्की चोटें आयी,वही पास से गुजर रही पमारपुरा निवासी महिला रेखा जाटव पत्नी रामेश्वर जाटव उम्र 35 वर्ष जब यह घटना को देखा तो तुरंत पूरी तन्मयता के साथ अपने सभी कार्य को छोड़कर नीतू और नंद कुमार की देखरेख में लग गई इतना ही नहीं उसने पास से गुजर रहे राहगीरों की मदद से 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के लिए फोन कराया, मौ थाना108 इमरजेंसी एंबुलेंस जो कि उस समय मेहगांव में थी रोड एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने पूर्ण तत्परता से समय पर घायल पीड़ित महिला के पास गाता पहुंचे और महिला की गंभीर हालत को देखते हुए घायल अचेत पड़ी महिला नीतू शर्मा को शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल भिंड के लिए रेफर कर दिया तब तक अनजान महिला रेखा जाटव पूर्ण तन्मयता और पूर्ण श्रद्धा भावना से पीड़ित महिला की देखरेख में लगी रही, और तब तक पीड़ित महिला के परिजन भी वहां पहुंच गए उन्होंने रेखा जाटव के कार्य प्रशंसा की, रेखा जाटव ने एक अच्छी इंसानियत की मिसाल पेश कीअगर इसी तरह लोग एक दूसरे की मदद करते रहे तो यह कहना संभव नहीं कि आज भी इंसानियत बाकी है।

लहार में विधुत विभाग के आउटसोर्ट कर्मचारी हड़ताल पर

भिण्ड। मंगलवार को मध्य प्रदेश बिजली ऑउट सोर्स कर्मचारी संगठन के बैनर तले कर्मचारियों को महा ज्ञापन अभियान संपूर्ण मध्यप्रदेश में चलाया गया। जिसके चलते लहार डीसी के आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के नेतृव में कर्मचारियों ने लहार डिवीजन इंचार्ज मेहता जी को ज्ञापन सौंपा।

डीसी के आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में भी आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री को संगठन द्वारा ज्ञापन सौंपे थे। परन्तु ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन पूरा नहीं होने से आक्रोशित होकर कर्मचारियों ने 27 सितंबर 2021 को काम बंद हड़ताल करने का निश्चय लिया। यहां बताना मुनासिब होगा कि आउटसोर्स कर्मचारियों में आक्रोश है कि 23 अगस्त 21 को प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई बैठक में ऊर्जा मंत्री द्वारा एक माह में आउटसोर्स कर्मचारियों को विभाग में संविलियन किए जाने का आश्वासन दिया था। जिसकी समयावधि 23 सितंबर 2021 को पूर्ण हो गई।जिसके चलते पुनः हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया।

कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से गड़बड़ा सकती है विधुत व्यवस्था

यहां बता दें कि 15 साल से सरकार के झूठे आश्वासन से आक्रोशित होकर अब बिजली आउटसोर्स कर्मचारी पुनः काम बंद हड़ताल पर जा रहे हैं जिससे कस्बा व जिला सहित पूरे मध्यप्रदेश में विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा सकती है हम आपको बता दें कि इन्हीं आउटसोर्स कर्मचारियों के दम पर आज संपूर्ण मध्यप्रदेश की विद्युत व्यवस्था टिकी हुई है और अगर यह हड़ताल पर जाते हैं तो कहीं ना कहीं बहुत बड़ी समस्या का सामना संपूर्ण मध्यप्रदेश को करना पड़ सकता है।वही इस सम्बंध में लहार डिवीजन इंचार्ज का कहना है कि कर्मचारियों ने अपनी 12 मांगों को लेकर मुझे ज्ञापन सौंपा गया है प्राप्त ज्ञापन में हड़ताल बताई गई है साथ ही हड़ताल पर जाने से विधुत व्यवस्था गड़बड़ाने वाली बात पर उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को छोड़कर जो भी कर्मचारी हैं उन्हें सब स्टेशन पर लगाया जाएगा और कोशिश करेंगे की उपभोक्ताओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

दीवार में सुराग कर चोरों ने मकान में बोला धाबा, सोने-चांदी के गहने चोरी

आधी रात को चोरों ने मकान में लगाई सेंध, परिजन लेते रहे गहरी नींद

भिण्ड। ऊमरी थाना क्षेत्र के ग्राम कोकसिंह का पुरा में अज्ञात चोरों ने आधी रात को एक मकान की दीवार में सुराग करके अंदर दाखिल हुए और सोने-चांदी के गहने सहित नगदी समेटकर ले गये। जब परिजनों की सुबह नींद खुली तो उन्होंने देखा अंदर मकान में चोरी हो गई है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात चोरों ने बशारत खां पुत्र छप्पन खां उम्र 55 वर्ष निवासी कोकसिंह का पुरा के मकान की पीछे दीवार में छेद करते हुए अंदर दाखिल हुए और एक बेसर, एक मंगलसूत्र, एक सोने की लर, एक करधनी, एक जोडी पायल और 40 हजार रुपये की नगदी। फरियादी ने बताया विगत दिनों उसने अपनी भैंस बेंच दी थी, इसी की रमक रखी हुई थी जो चोरों ने पार कर दी, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पड़ताल शुरु कर दी है।

शासकीय महाविद्यालय खोले जाने पर नगर वासियों के खिले चेहरे

गोरमी। गोरमी नगर में काफी समय से शासकीय महाविद्यालय खोले जाने की मांग स्थानीय छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों द्वारा की जा रही थी आज वह मांग पूरी हो गई है मेहगांव के विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने इसी सत्र में महाविद्यालय शुरू हो इसके लिए भोपाल में काफी मेहनत की अब शासन द्वारा महाविद्यालय के लिए प्राचार्य सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी हो गए हैं इसलिए स्थानीय नगर वासियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव एवं राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया एवं मध्य प्रदेश सरकार का आभार माना है।बरसो से जो मांग चली आ रही थी वह पूरी हो गई है अब छात्र छात्राओं को प्रवेश लेने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा ऐसा बताया जा रहा है कि जब तक महाविद्यालय की खुद की बिल्डिंग नहीं बन जाएगी तब तक शासकीय इंटर कॉलेज मैदान में स्थित कन्या मिडिल स्कूल के भवन में शासकीय महाविद्यालय संचालित होगा।

उपार्जन केन्द्रों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) उपार्जन के लिए जिले में बनाये गये 34 उपार्जन केन्द्रो पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। कृषको के पंजीयन 15 सितम्बर से 14 अक्टूबर 2021 तक किये जाएंगे। जिन उपार्जन केन्द्रों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है उनमें तहसील अटेर अन्तर्गत सेवा सहकारी संस्था अटेर के लिए आरएईओ भारत सिंह भदौरिया, सेवा सहकारी संस्था दुल्हागन के लिए आरएईओ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सेवा सहकारी संस्था उदोतगढ के लिए आरएईओ विजयराम सगर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसील भिण्ड अन्तर्गत सेवा सहकारी संस्था फूपकला के लिए आरएईओ बीरेन्द्र कुमार शाक्य, विपणन सहकारी संस्था भिण्ड के लिए आरएईओ राजेन्द्र वर्मा, सेवा सहकारी संस्था बिरधनपुरा के लिए आरएईओ रणवीर सिंह भदौरिया, सेवा सहकारी संस्था उमरी के लिए आरएईओ सभासिंह कुशवाह, सेवा सहकारी संस्था दीखतनपुरा के लिए आरएईओ रामवरन सिंह नरवरिया, सेवा सहकारी संस्था अकोडा के लिए आरएईओ राधेश्याम सिंह भदौरिया एवं सेवा सहकारी संस्था दीनपुरा के लिए आरएईओ आरडीएस भदौरिया नोडल अधिकारी होंगे। तहसील मेहगांव अन्तर्गत विपणन सहकारी संस्था मेहगांव के लिए आरएईओ संतोष पाल, आरएईओ आशाराम शर्मा, सेवा सहकारी संस्था सुनारपुरा के लिए आरएईओ भावेश दिवाकर नोडल अधिकारी रहेंगे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में ही दिव्यांग को ई-रिक्शा, मृतक पत्नी को 5 हजार की सहायता एवं बीपीएल को खाद्यान्न दिलाया

कलेक्टर ने जनसुनवाई में 130 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 130 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फूलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के समक्ष ग्राम इंकपुरा अमायन निवासी लेखाराम द्वारा बताया गया कि, शा. उचित मूल्य की दुकान पर अंगूठा लगवा लिया जाता है पर खाद्यान नहीं दिया जाता है। जिस पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने तत्काल निराकरण करने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देषित किया। जिस पर जनसुनवाई में ही खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के द्वारा कार्यवाही कर तत्काल लेखाराम को खाद्यान्न उपलब्ध करवाया। साथ ही शा.उचित मूल्य दुकान संचालक को आगे के लिए इस प्रकार की शिकायत ना आये इस ओर सजग किया।

इसी प्रकार जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के समक्ष ग्राम भदाकुर निवासी श्रीमती मुन्नी बाई ने बताया कि उनके पति संभल पंजीकृत सदस्य रन्छोर सिंह की मृत्यु होने पर अंत्येष्टि सहायता नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने तत्काल एक घंटे के अंदर मृतक की पत्नी श्रीमती मुन्नी बाई को 5000 रुपये की अंत्येष्टि सहायता प्रदाय कर निराकरण किया।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी अधिकारी अब्दुल गफ्फार द्वारा नारायण सिंह दोहरे पुत्र रमेशचन्द के लिए बैटरी वाला ई-रिक्शा तैयार कर जनसुनवाई कक्ष में एडीएम प्रवीण फुलपगारे ने नारायण सिंह को बैटरी वाला ई रिक्शा प्रदान किया। ई रिक्शा पाकर नारायण सिंह बहुत खुश हैं और कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद कर रहे हैं। क्योंकि उन्हें अब आने जाने के लिए तकलीफों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनो पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पाक का राग

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें अधिवेशन के बाद एक तरफ भारत के विजन की तारीफ हो रही है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान को उसकी आतंकवाद परस्त नीति के लिए लताड़ लग रही है। आतंक को पालने वाला पाकिस्तान इस तरह घिर चुका है कि उसके प्रधानमंत्री इमरान खान दुनिया को मुंह दिखाने लायक नहीं रह गए हैं। इमरान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन में हिस्सा लेने तक नहीं गए। भाषण भी दिया तो रिकॉर्ड किया हुआ। यह देखने में भले ही सामान्य लगे, मगर इसका असर बेहद गंभीर है। ऐसा क्या हुआ कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से अलग-थलग पड़ गया। बाइडेन ने सत्ता में आने के बाद से अब तक इमरान खान से बात नहीं की है। चीन उसके साथ न होता तो शायद अब तक पाकिस्तान के सामने कटोरा पकड़ने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बावजूद इसके वह आतंकवाद को पालने की आदत से बाज नहीं आ रहा। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार बनवाने से लेकर कश्मीर में अपना मतलब साधने की फिराक में बैठा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें अधिवेशन में अपने देश के विकास या निवेश की बात करने के बजाए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर कश्मीर राग अलापा। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि जब तक भारत जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के निर्णय को वापस नहीं लेता है, तब तक पाकिस्तान भारत से वार्ता नहीं करेगा। तो मत करिए। भारत तो फैसला वापस लेने से रहा। इमरान का कश्मीर राग कोरोना वायरस और आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान से ऊपर था। भारत और पाकिस्तान के पहले से तल्ख रिश्तों में हर बार कश्मीर को लेकर कड़वाहट बढ़ जाती है। जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने का फैसला भारत का अंदरूनी मामला है लेकिन इस बात से पाकिस्तान तो और बौखलाया बैठा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि कश्मीर का मुद्दा उठाना पाकिस्तान की मजबूरी है क्योंकि यह उसके वजूद की लड़ाई है। आखिर क्या वजह है कि पाकिस्तान अक्सर यूएन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर की बात उठाता है और हर बार उसे भारत से न केवल करारा जवाब मिलता है बल्कि लताड़ भी मिलती है। लेकिन पाकिस्तान है कि बाज नहीं आता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसकी सबसे बड़ी वजह तो यह है कि पाकिस्तान ऐसा केवल सेना के अपने आकाओं को खुश करने के लिए ही करता है क्योंकि वे कश्मीर मुद्दे को जिंदा रखना चाहते हैं। पाकिस्तान को किसी राजनीतिक पार्टी के प्रवक्ता की तरह समझना चाहिए। जैसे किसी पार्टी के प्रवक्ता अपनी पार्टी की नीतियों और विचारधारा के अनुरूप अपने आलाकमान को खुश करने के लिए बयान देते हैं उसी तरह पाकिस्तान का भी बॉस है उनकी सेना। सब जानते हैं कि पाकिस्तान में सेना की ही चलती है और वहां की सरकार सेना के हाथों की कठपुतली होती है। इमरान खान भी उनके समर्थन से ही सत्ता में आए हैं इसलिए वे अपनी सेना के आकाओं को खुश करने के लिए इस तरह की बात करते हैं। इमरान खान आज जो कर रहे हैं उनसे पहले के प्रधानमंत्री भी ऐसा ही करते रहे हैं। यह पाकिस्तान के लिए कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान पर आधिकारिक तौर पर सेना का कंट्रोल नहीं है क्योंकि पाकिस्तान को डर है कि यदि उसकी सेना सत्ता में सीधे तौर पर आ गई तो कॉमनवेल्थ देशों की सूची से उसे बाहर निकाल दिया जाएगा। कॉमनवेल्थ देशों का यह नियम है कि यदि किसी देश पर सेना का कब्जा होता है तो उसे बाहर निकाल दिया जाता है। लेकिन यह बात सच है कि वहां सेना के मुखौटे वाली सरकार है। पाकिस्तान सेना में कई कट्टर लोग शामिल हुए हैं।

रावण दूत दैत्य शुक को पुनः ब्राह्मणत्व की प्राप्ति कैसे हुई?

डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता

प्रायः सभी भाषाओं की श्रीरामकथाओं में दैत्य शुक के चरित्र और क्रियाकलापों का वर्णन रावण के एक प्रसिद्ध दरबारी के रूप में किया गया है। वेदव्यासजी द्वारा रचित अध्यात्मरामायण में शुक के जीवन वृत्त का वर्णन अपनी एक अनोखी विशेषता रखता है। महर्षि व्यासजी की अध्यात्मरामायण में शुक के दैत्य बनने का, रावण के दरबार में रहने का तथा महर्षि अगस्त्य के द्वारा दैत्य होने का शाप देने का कारण तथा शाप देने के पूर्व ब्राह्मण होने की कथा का रोचक वर्णन है। अध्यात्मरामायण में युद्धकाण्ड के पंचम सर्ग में भगवान महादेवजी ने पार्वतीजी को शुक के पूर्व जन्म का वृत्तान्त उस समय बताया, जब सागर पर सेतुबन्ध का निर्माण हो जाने के उपरान्त रावण ने शार्दुल को श्रीराम की सेना की जानकारी प्राप्त करने भेजा तथा उसके बाद दैत्य शुक को दूत बनाकर श्रीराम के पास भेजा गया था। महादेवजी बोले हे पार्वती! तदनन्तर विभीषण अपने चार मंत्रियों के साथ आकाश मार्ग से श्रीराम की शरण में आ गए। श्रीराम ने लक्ष्मणजी से कलश में जल मँगवाकर तथा मंत्रियों और लक्ष्मणजी से विभीषण को लंका के राज्यपद पर अभिषिक्त कर दिया। उसी समय-

दशग्रीवेण सन्दिष्टः शुको नाम महासुरः।
संस्थितो ह्यम्बरे वाक्यं सुग्रीवमिदमब्रवीत्।।

अध्यात्मरामायण युद्धकाण्ड सर्ग 3-49

रावण द्वारा भेजा गया शुक नामक महादैत्य आकाश में स्थित होकर सुग्रीव से बोला। राक्षसराज रावण तुम्हें अपने भाई के समान मानते हैं। उन्होंने तुम्हारे लिए कहा है कि तुम बहुत बड़े वंश में उत्पन्न हुए हो और वानरों के राजा भी हो। यदि मैंने किसी राजकुमार की स्त्री हो हर लिया हो तो उससे तुम्हें क्या लेना देना। अतः तुम अपने वानरों की सेना सहित किष्किन्धा को लौट जाओ। लंका को प्राप्त करना देवताओं के लिए कठिन है फिर अल्पशक्ति मनुष्य और वानरयूथपों की तो बात ही क्या है? यह सन्देश सुनते ही वानरों ने उछल कर शुक को पकड़ लिया। शुक ने श्रीराम से कहा कि हे प्रभु दूत को मारा नहीं करते, अतः मेरी रक्षा कीजिए। श्रीराम ने वानरों को रोक दिया, तब पुनः शुक ने आकाश में चढ़कर सुग्रीव से कहा हे राजन! मैं लंका जा रहा हूँ। आपकी ओर से रावण को क्या उत्तर देना है?

सुग्रीव ने शुक से कहा कि रावण से कहना जिस प्रकार मैंने अपने बड़े भाई बाली को मारा था। हे राक्षसाधम! उसी प्रकार तू भी अपने पुत्र सेना और वाहनादि के सहित मेरे हाथों से मारा जाएगा। तू हमारे श्रीरामजी की भार्या का हरण करके कहाँ जा सकता है? तदनन्तर भगवान् श्रीराम की आज्ञा से शुक को पकड़ कर उन्होंने बन्धन में डालकर वानरों की रक्षा में छोड़ दिया। यहाँ शुक के आने के पूर्व शार्दुल नामक दैत्य वानरों की विशाल सेना देखकर रावण को उसका वर्णन सुना चुका था। श्रीरामजी ने समुद्र पर सेतु निर्माण करके शुक को मार खाने के बाद रावण के पास भेज दिया। शुक को देखकर रावण ने हँसते हुए उससे पूछा- शुक! क्या शत्रुओं ने तुम्हें कुछ कष्ट पहुंचाया कि नहीं? रावण के वचन सुनकर शुक से कहा- %समुद्र के उत्तर तट पर जाकर ज्यों ही मैं आपका सन्देश सुनाने लगा त्यों ही कुछ वानरों ने उछलकूदकर मुझे पकड़ लिया। मुझे घूँसों-नखों एवं दाँतों से मारने लगे एवं लुप्त करने का आयोजन करने लगे। उस समय हे राम! मेरी रक्षा करें, इस प्रकार मुझे पुकारते सुनकर श्रीरामजी ने कहा- इसे छोड़ दो। श्रीरामजी के कहने पर मुझे मुक्त कर दिया गया। मैं वानरों की सेना देखकर आया हूँ।

राक्षसानां बलौधस्य वानरेन्द्रबलस्य च।
न तयोर्विद्यते सन्धिर्देवदानवयोरिव।।

अध्यात्मरामायण युद्धकाण्ड चतुर्थ सर्ग-18

शुक ने रावण से कहा कि मेरे विचार से देवता और दानवों के समान राक्षसों के दलबल और वानरों की सेना में किसी में किसी प्रकार का मेल नहीं हो सकता। वानरों की सेना के लंका नगर के परकोटे पर आने के पूर्व ही शीघ्र ही आप दोनों में से कोई एक कार्य कीजिए या तो सीताजी को श्रीरामजी को दे दीजिए और या उनके साथ युद्ध कीजिए। श्रीराम ने मुझ से कहा कि- शुक! रावण से मेरी और से कहना कि जिस शक्ति के भरोसे तुमने हमारी जानकीजी का हरण किया है उसे भली प्रकार अपनी सेना और बन्धु बान्धवों के सहित मुझे दिखलाना। तू कल ही प्राकार (प्राचीर-परकोटा) और तोरणादि के सहित लंकापुरी और राक्षसों की सेना को बाणों से विध्वस्त हुई देखेगा। रावण! उस समय भयंकर क्रोध छोड़ूंगा, तू अपने बल को स्थिर रखना। ऐसा कहकर कमलनयन भगवान श्रीराम शान्त और चुप हो गए। लंका का विध्वस्त करने के लिए बिना वानर सेना के श्रीराम, लक्ष्मण, सुग्रीव और विभीषण ये चार पुरुष श्रेष्ठ पर्याप्त हैं। इतना ही नहीं श्रीरामजी के अकेले के ही अस्त्र-शस्त्र लंकानगरी को नष्ट कर सकते हैं। पर्वत सदृश वानरवीर कैसे गरज रहे उनकी संख्या अगणित (अनगिनत) है फिर भी मैं प्रधान-प्रधान वानर बलताता हूँ। ये प्रमुख सेनापति अग्रिपुत्र नील, अंगद, हनुमान्, रम्भ, शरम, पनस, मैन्द, द्विविद और सेतु बाँधनेवाला विश्वकर्मा का पुत्र महाबली नल ये सब भी प्रधान-प्रधान योद्धा हैं। अब मैं इनमें से प्रत्येक की सेना की संख्या बतलाता हूँ। सावधान होकर सुनिए-

एणां कोटिसहस्त्राणि नव पञ्च च सप्त च।
तथा शंखसहस्त्राणि तथार्बुदशतानि च।।

अध्यात्मरामायण युद्धकाण्ड सर्ग 4-38

इनमें से प्रत्येक के अधीनस्थ इक्कीस हजार करोड़ हजारों शंख और सैकड़ों अरब सेना है। हे महाराज! यह तो मैंने सुग्रीव की ही मंत्रियों की सेना बताई है। शेष उनके अतिरिक्त अन्य की सेना गिनाने में सर्वथा असमर्थ हूँ। श्रीराम भी कोई साधारण मनुष्य नहीं है वे तो साक्षात् आदिनारायण परमात्मा है और सीताजी जगत् की कारणरुपा साक्षात् जगद्रूपिणी चित्त् शक्ति है। हे पृथ्वीपते! सोचो तो सही उनका बैरी कोई कैसे हो सकता है? आप जिस जानकीजी को समान सदा ही इन भोगों की ओर व्यर्थ क्यों दौड़ते हैं। आज से ही आप सब प्रकार का संग छोड़कर अति भक्तिभाव से सदा परमात्मा श्रीराम का ही आश्रय लीजिए और सीताजी को भगवान् श्रीराम को अर्पण कर उनके चरणकमलों की सेवा कीजिए। मैं आपके हित की बात कह रहा हूँ आप इसे स्वीकार कीजिए।

भगवान् महादेवजी पार्वतीजी को शुक का प्रसंग सुनाते हुए बोले- हे पार्वती! शुक के मुख से निकले हुए इन अज्ञाननाशक वचनों को सुनकर रावण क्रोध से मानों जलता हुआ उससे आँखें लाल कर बोला-

अनुजीव्य सदुर्बद्धे गुरुवद्धाष से कथम्।
शासितारं त्रिजगतां त्वं मां शिक्षन्न लज्जसे।।

इदानीमेव हन्मि त्वां किन्तु पूर्वकृतं तव।
स्मरामि तेन रक्षामि त्वां यद्यपि वधोचितम्।।

अध्यात्मरामायण, युद्धकाण्ड सर्ग 5-2-3

अरे दुर्बद्धे! मेरे ही टुकड़ों से पलकर तू इस प्रकार गुरु की भाँति कैसे बोलता है? तीनों लोकों का शासन करने वाला तो मैं हूँ। मुझे उपदेश देते हुए तुझको लेशमात्र लज्जा नहीं आती। तू यद्यपि वध करने योग्य है और मैं तुझे अभी मार डालता, किन्तु तेरे पूर्वकृत्यों को स्मरण करके मैं तुझे छोड़ देता हूँ। अरे मूर्ख! तू तुरन्त यहाँ से टल जा, मैं ऐसी बातें नहीं सुनना चाहता हूँ। रावण के ये कठोर वचन सुनकर शुक बोला यह तो महाराज की बड़ी कृपा है। ऐसा कहकर काँपता हुआ अपने घर चला गया। तत्पश्चात् शुक भी विभीषण की भाँति श्रीरामजी की शरण में गया तथा उन्हें प्रणाम करके अपनी सारी व्यथा-कथा उनको सुनाई फिर क्या हुआ? ऐसा प्रसंग श्रीरामचरितमानस में वर्णित है।

गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है। जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है?

राजनेता नौकरशाही से नाराज क्यों....?

ओमप्रकाश मेहता

मध्यप्रदेश में क्या नौकरीशाही निरंकुश हो चुकी है? क्या सरकार के सिंहासनों पर विराजित राजनेताओं का अपने ही नौकरशाही पर नियंत्रण नही रह गया है? या यह संघर्ष किसी निराशा से जुड़ा है? मध्यप्रदेश में मौजूदा सरकार के तीन साल गुजर चुके है, जिसमें से पन्द्रह महीनें कांग्रेस की सरकार रही, कुल मिलाकर मौजूदा सरकार के सिर्फ दो साल ही शेष रहे है, मौजूदा सरकार कांग्रेस के पन्द्रह महीनों की सरकार निष्क्रियता सहित कई तरह के आरोप लगा रही है और शेष बचे इक्कीस महीनों में किए गए अपने ही कार्यो से सरकार पर विराजित राजनेता संतुष्ट नहीं है, इसलिए वे नौकरशाही को भी राजनीतिक दलों के बीच विभाजित कर स्वयं की अकर्मण्यता का ठीकरा नौकरशाही के सिर पर फोडने की जुगत भिड़ा रहे है, ऐसा मेरा नहीं, नौकरशाही के सूत्रों का कहना है।

पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी की अग्निशलाका नैत्री उमाश्री भारती ने बहुत ही औछी भाषा में मध्यप्रदेश के अधिकारी तंत्र पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके लिए उन्होंने एक पूर्व मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेद भी व्यक्त किया था, इसी बीच मुख्यमंत्री जी ने भी नौकरशाही को अपनी स्तरीय भाषा में सीख देने की कौशिश की थी, इन दोनों परिदृष्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रदेश का सत्तारूढ़ दल और सरकार के मुखिया अपनी सरकार की नौकरशाही से काफी नाराज है और अब जैसे-जैसे आगामी विधानसभा चुनाव निकट आते जा रहे है, वैसे-वैसे उनकी घबराहट बढ़ती ही जा रही है और अपनी निष्फियता अधिकारी तंत्र के सिर पर थोपना चाहते है।

अब मौजूदा हालातों में गौर करने वाली बात यह है कि मौजूदा सरकार पर काबिज नेता अपने स्वयं की क्षमता का बिना आंकलन व आत्म निरूपण किए अपनी अक्षमता छिपाकर नौकरशाही पर निशाना साध रहे है, जबकि नौकरशाही तो ऐसे नेताओं से निपटने में काफी सिद्धहस्त होती है, यद्यपि पूर्व मुख्यमंत्री उमाजी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की तल्खी भरी टिप्पणियों पर नौकरशाही ने

कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है, किंतु इन टिप्पणियों को लेकर इस वर्ग में हलचल तो काफी है, फिर यह भी साफ है कि अब आगे भी मुख्यमंत्री या मंत्रियों को काम तो मौजूदा नौकरशाही से ही लेना है तो फिर क्या इनका काम करने और करवाने का तरीका आगे भी यही होगा? जब इस मौजूदा माहौल और घटनाक्रमों के बारे में नौकरशाही के सूत्रों से बात करने की कौशिश की गई तो सूत्रों ने भी राजनेताओं के प्रति उतनी ही नाराजी व्यक्त की जितनी कि नेताओं ने खुलेआम की। नौकरशाही के सूत्रों का कहना है कि सरकार को आगे भी काम तो इसी नौकरशाही से चलाना है कोई नई नौकरशाही तो आएगी नहीं? फिर अपने रवैये की काम कराने के तरीके में सहयोगात्मक व रचनात्मक रूख अपनाकर सरकार के काम क्यों नहीं करवाते? क्या इस तरह की अपमानित करने वाली सार्वजनिक टिप्पणियां कर वे धौंस-दपट के बलबूते पर सरकारी काम सफलतापूर्वक सम्पन्न करा लेंगे?

यह तो हुई नौकरशाही की टिप्पणी। अब जक इस बारे में सत्तारूढ़ दल भाजपा के ही विभिन्न वर्गों से बात की गई तो युवा वर्ग का कहना है कि चूंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख अपने स्तर पर राज्य सरकार के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे, इसलिए ऐसे समय राजनेताओं की ऐसी टिप्पणियों का अर्थ सहज ही समझा जा सकता है? पार्टी भी महिला नैत्रियों का दबी जुबान कहना है कि कही गुजरात की पुनरावृत्ति यहां भी न हो जाए, इस आशंका के दौर में ऐसी टिप्पणियां काफी अर्थ रखती है। अब चूंकि आगामी चुनाव में केवल पच्चीस महीनें ही शेष बचे है, ऐसे में कुछ नहीं कर पाने की घबराहट तो स्वाभाविक है।

इस प्रकार कुल मिलाकर पूर्व व वर्तमान मुख्यमंत्रियों की नौकरशाही को लेकर की गई टिप्पणियों को विभिन्न वर्गों द्वारा आपने नजरियें से देखा जा रहा है। ऐसे में आज भी आवश्यकता इस बात की है कि सत्तासीन नेताओं और सर्वोच्च पदों पर विराजित अधिकारियों को स्वयं आत्मचिंतन करना चाहिए व काम के तौर तरीकों पर गंभीर मनन कर कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

मध्य प्रदेश सरकार के एक विभाग भगवान द्वारा संचालित!

सूडोकु नवताल- 5847 ★★★★☆ मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5846 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

अरविन्द प्रेमचंद जैन

मध्य प्रदेश सरकार का नाम मनपसंद राज्य है। यहाँ कोई भी काम करना या करना बहुत सुगम हैं। कारण अन्य -आय से या लाठ और आदेश ले जाओ. अभी गुजरात में एक विधायक को मुख्य मंत्री बना दिया गया। उनकी योग्यता मात्र वे केंद्र के केंद्र बिंदु के केंद्र में हैं। जो परिधि में रहते हैं वे चक्कर लगाते रहते हैं।

मध्य प्रदेश या भारत में जितने भी विभाग बने हैं वे मानवकृत हैं पर आयुष विभाग जिसे हम आयुर्वेद विभाग कहते हैं वह ईश्वरकृत हैं और उसमे जितनी अधिकतम धांधलियां होती हैं या हुई वे सब ईश्वर कृत हैं और उन्हें सुधारने का साहस मात्र ईश्वर को हैं और जो सुधारने का काम करता हैं वह ईश्वर के पास सुधर जाता हैं। भगवान् महाकाल के दर्शन के पूर्व नंदी के दर्शन करना जरुरी हैं अन्यथा आपकी पूजा का प्रसाद महाकाल तक नहीं पहुँचता हैं यानी एक माध्यम की जरुरत होती हैं भगवान तक पहुँचाने की या पहुंचने की। यानी बहुत सत्यता से बोले तो एक दलाल या पहुँच वाले व्यक्ति की जरुरत होती हैं जो पूरे विभाग का कार्य का निष्पादन कर लेता हैं। वैसे वे व्यक्ति दूध देने वाली गाय होते हैं जिनकी लातें भी अच्छी लगती हैं। उनमे योग्यता धनवान होना, खुले दिल से धन का वितरण करना, मंत्री संत्री और मुख्य नौकर की नजदीकी पाना। कहावत हैं जब कोई चूहा बिल्ली को आँख दिखाए तो मानकर चलना चाहिए उसका बिल नजदीक हैं। जब प्रदेश का मुखिया मात्र विधायक होने पर प्रदेश का प्रथम नौकर बन सकता हैं जबकि वह पद अस्थायी

होता हैं। वह दया का पात्र होता हैं। सरकारी नौकर को कम से कम पांच रूपया के लिफाफे में आदेश मिलता हैं पर प्रधान नौकर के द्वारा मौखिक आदेश पर मुख्य नौकर को पदच्युत होना पड़ता हैं। पिछले कुछ वर्षों में भगवान् का व्यस्त होना विभाग के लिए भारी पद गया। एक अदना सा नौकर जो पहले अनुकम्पा पर आया और जिसने कभी नौकरी नहीं की मात्र छल करना और सत्ता और विभाग में केंद्र में बैठे मंत्री सचिव को दूध देने वाली गाय बनकर विभाग प्रमुख को प्रभाव चिकित्सा में रखना और इतना प्रभावशाली होना इसके पीछे का रहस्य जानने योग्य हैं।

वह नौकर अधिकारी बना और मात्र योग्यता गाय को घास खिलाने वाला स्वयं पुष्ट हुआ और घास भी बहुत पैदा की। ऐसे नौकर जो अधिकारी बने कहा जाता हैं ष्याद्दे से फ़र्ज़ी भयों टेड़ों टेढ़ो जाय। जिसने कभी नौकरी नहीं की, नौकरी की किस प्रकार मंत्री संत्री तक सेटिंग करना, विभाग प्रमुख को लोभ लालच में धन से अँधा करना या मोहित करना और भरोसे में लेके धृतराष्ट्र बनाकर महाभारत जीतना।

वक्त से पहले और किस्मत से ज्यादा किसी को न मिला हैं और न मिलेगा। उस नौकर नुमा अफसर का पुण्य का उदय होने से बहुत फलां फूल रहा हैं और होना भी चाहिए। पर प्रदेश के नौकर, नौकर के मंत्री और मंत्री के संत्री इतने अंधे हो चुके की वे स्वयं अंधे से पूछ रहे हैं की दुनिया का नज़ारा कैसा हैं ?

समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार से जाहिर हुआ की वास्तव में सरकार में योग्यता की कोई जरुरत नहीं हैं। चाटुकारिता और धन रुपी चांदी की जूती बहुत हैं और मजेदार बात यह हैं जो सबसे बड़ा अपराधी होता हैं वही क्रिमिनल लॉयर बनता हैं। जो अपराधी हैं वह न्यायाधीश का पद सम्हाले हैं। अपराधी नौकर से अफसर और उसके बाद वह विभाग का मालिक बनकर आज प्रदेश के चिकित्सकों का भाग्य विधाता बन गया बहुत धन्यवाद का पात्र हैं, विभाग के लिए गौरव की बात हैं और निश्चित ही ऐसे कर्णधारों से विभाग की छवि उज्जवल होगी। आप किसी के भाग्य या किस्मत से जलन करेंगे आपका नुक्सान होगा सामने वाला अप्रभावित रहेगा। कारण तीली पहले स्वयं जलती हैं पर दूसरों को जलाएं या न जलाएं वह उसका भाग्य हैं, पर विभाग में हो रही अनियमितताओं के लिए ऐसे फ़र्ज़ी, नाकारा, अयोग्य व्यक्ति अपनी पहुंच और प्रभाव का उपयोग करते हैं क्या वे शासन या नियमों से परे या ऊपर हैं।

इलाज-पत्र की नई पहल

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिसे 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' कहकर शुरु किया है, उसे मैं हिंदी में 'इलाज-पत्र' कहता हूँ। नौकरशाहों द्वारा यह अधकचरी अंग्रेजी में गढ़ा गया नाम यदि सादी भारतीय भाषा में होता तो वह आम आदमी की जुबान पर आसानी से चढ़ जाता लेकिन जो भी हो, यह 'इलाज पत्र' भारत की आम जनता के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा। भारत सरकार की इस पहल का स्वागत इस रफ्तार से होना चाहिए कि यह कोरोना के टीके से भी जल्दी सबके हाथों तक पहुंच जाए। यह 'इलाज पत्र' ऐसा होगा, जो मरीजों और डाक्टरों की दुनिया ही बदल देगा। दोनों को यह मगजपच्ची से बचाएगा और इलाज को सरल बना देगा। अभी तो होता यह है कि कोई भी मरीज़ अपनी तबियत बिगड़ने पर किसी अस्पताल या डॉक्टर के पास जाता है तो दवाई देने के पहले डॉक्टर उसके स्वास्थ्य का पूरा इतिहास पूछता है। जरूरी नहीं है कि मरीज़ को याद रहे कि उसे कब क्या तकलीफ हुई थी और उस समय डॉक्टर ने उसे क्या दवा दी थी। अब जबकि यह इलाज-पत्र उसके जेबी फोन में पूरी तरह से भरा हुआ मिलेगा तो मरीज तुरंत वह डॉक्टर को दिखा देगा और उसको देखकर डॉक्टर उसे दवा दे देगा। जरुरी नहीं है कि मरीज और डॉक्टर आमने-सामने बैठकर बात करें और अपना समय खराब करें। यह सारी पूछ-परख का काम घर बैठे-बैठे मिनिटों में निपट जाएगा। अस्पताल और डॉक्टरों के यहां भीड़-भड़क्का भी बहुत कम हो जाएगा। चिकित्सा के धंधे में ठगी का जो बोलबाला है, वह भी घटेगा, क्योंकि उस 'इलाज-पत्र' में हर चीज़ अंकित रहेगी। दवा-कंपनियों के साथ प्रायः डॉक्टरों की सांठ-गांठ के किस्से भी सुनने में आते हैं। इन कंपनियों से पैसे लेकर या कमीशन खाकर कुछ डॉक्टर और दवा-विक्रेता मरीजों को नकली या बेमतलब दवाएं खरीदने को मजबूर कर देते हैं। अब क्योंकि हर दवा का इस 'इलाज-पत्र' में नाम और मूल्य दर्ज रहेगा, इसलिए फर्जी इलाज और लूट-पाट से मरीजों की रक्षा होगी। भारत में इलाज इतना मंहगा और मुश्किल है कि बीमारी से वह ज्यादा जानलेवा बन जाता है। एक मरीज़ तो जाता ही है, उसके कई घरवाले जीते जी मृतप्रायः हो जाते हैं। उनकी जमीन-जायदाद बिक जाती है और वे कर्ज के कुएं में डूब जाते हैं। ऐसा नहीं है कि भारत की स्वास्थ्य-व्यवस्था में यह 'इलाज-पत्र' क्रांति कर देगा लेकिन उसमें कुछ महत्वपूर्ण सुधार जरुर करेगा। देश की स्वास्थ्य-सेवाओं में समग्र सुधार के लिए बहुत-से बुनियादी कदम उठाए जाने की जरुरत अभी भी ज्यों की त्यों बनी हुई है।

स्वरा भास्कर ने किया अपनी नई फिल्म का ऐलान

अभिनेत्री स्वरा भास्कर अब तक कई सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय से वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। अब स्वरा ने अपनी नई फिल्म मिमांसा की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि वह इस फिल्म में जांच अधिकारी की भूमिका निभाने जा रही हैं। स्वरा ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। स्वरा ने मिमांसा नामक एक मर्डर मिस्ट्री में दिखाई देंगी, जिसमें अभिनेता बिजेंद्र काला भी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म में स्वरा एक जांच अधिकारी की भूमिका निभाती दिखेंगी।इसकी शूटिंग भोपाल में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वरा ने कहा कि फिल्म की शूटिंग का अनुभव उनके लिए नया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान के दौरान वह अपने कैरेक्टर में डूब गई थीं और उन्हें उम्मीद है कि फिल्म देखते वक्त दर्शक भी इस फिल्म में डूब जाएंगे।

स्वरा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि लॉकडाउन खत्म होने के बाद यह पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी मैंने शूटिंग की। इससे मुझे अपने काम के प्रति कृतज्ञता की भावना बरकरार रखने में मदद मिली। उन्होंने कहा, इस बारे में ज्यादा कुछ बोले बगैर मैं बस यह कहने जा रही हूं कि फिल्म आपको एक रहस्यमय यात्रा पर ले जाएगी। यह एक शानदार मर्डर मिस्ट्री है। इसे देख आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन गगन पुरी ने किया है। यह मोफी और केपी प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। पुरी ने इस पर बात करते हुए कहा, हमने फिल्म में सस्पेंस को बनाए रखने की हरमुमकिन कोशिश की है। स्वरा भास्कर और बिजेंद्र जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की मौजूदगी ने हमारी इस फिल्म में चार चांद लगा दिए हैं। फिलहाल फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह इस साल के अंत में रिलीज हो सकती है। स्वरा जल्द ही शॉर्ट फिल्म शीर कोरमा में नजर आएंगी। इसमें शबाना आजमी और दिव्या दत्ता भी अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक फराज आरिफ अंसारी ने किया है। मारिज्के डिसूजा इस फिल्म के निर्माता हैं।

महेश बाबू ने छोड़ दी नितेश तिवारी की फिल्म रामायण?

पिछले काफी समय से यह चर्चा थी कि निर्देशक नितेश तिवारी अपने ड्रीम प्रोजेक्ट रामायण में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू को साइन करने वाले हैं। वह फिल्म में भगवान राम की भूमिका के लिए निर्देशक की पहली पसंद थे, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक अभिनेता के फैंस का दिल टूट जाएगा। दरअसल, महेश बाबू ने इस फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। इसके पीछे क्या कारण है, आइए जनाते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक महेश बाबू ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण से किनारा कर लिया है। दरअसल, उन्होंने निर्देशक एस.एस राजामौली की एक एक्शन फिल्म साइन कर ली है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए रामायण से पहले ही हां कर चुके थे। राजमौली की फिल्म और रामायण दोनों की ही शूटिंग 2022 के सेकेंड हाफ में होनी थी। लिहाजा महेश बाबू ने रामायण से हाथ पीछे खींच लिए।

रामायण को 3डी फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा। इसे काफी बड़े स्तर पर बनाए जाने की योजना है। फिल्म में भगवान राम की भूमिका के लिए महेश बाबू का नाम लगभग फाइनल था। इसके लिए निर्माता-निर्देशक साउथ के किसी बड़े स्टार को साइन करना चाहते थे। फिल्म के लिए महेश बाबू से संपर्क किया गया था। उन्होंने इसका हिस्सा बनने के लिए रजामंदी भी दे दी थी, लेकिन अब वह इससे बाहर हो गए हैं। राजमौली की फिल्म में एक्शन से लेकर रोमांच, ड्रामा सबकुछ देखने को मिलेगा। अफ्रीका के जंगलों में इसकी कहानी बुनी गई है। राजमौली के पिता और दिग्गज लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने इस फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन यह एक ऐसे विषय पर है, जिस पर भारतीय सिनेमा में इससे पहले कभी कोई फिल्म देखने को नहीं मिली। फिल्म में वीएफएक्स पर भी अच्छा-खासा पैसा लगाया जा रहा है। भारत एने नेनु और महर्षि फेम महेश बाबू इन दिनों अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग का एक शेड्यूल हाल ही में दुबई में खत्म हुआ है। वह बायोग्राफिकल एक्शन फिल्म मेजर को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

कपड़े धोते समय हर किसी के सामने आती हैं ये समस्याएं, जानिए छुटकारा पाने का तरीका

कपड़े धोना एक सामान्य काम है, लेकिन कपड़े धोते समय लगभग हर किसी को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैस कभी नए कपड़े का रंग निकल जाता है तो कभी एक कपड़े का रंग दूसरे पर चढ़ जाता है आदि। हो सकता है कि आपके साथ भी कभी न कभी ऐसा हुआ हो। इसलिए आज हम आपको कपड़े धोने से जुड़ी ऐसी ही कुछ सामान्य समस्याओं और उन्हें दूर करने के तरीके बताने जा रहे हैं।

कपड़ों का सिकुड़ना: अगर आपको मशीन में किसी कपड़े को धोने के बाद उसका साइज कम नजर आता है तो समझ जाइए कि वो कपड़ा सिकुड़ गया है। ऐसा बहुत अधिक गर्म पानी में कपड़े को धोने या फिर कपड़े को अधिक ड्रायर के कारण होता है। इसलिए आप किसी भी कपड़े को धोते समय गर्म पानी और अधिक ड्रायर का इस्तेमाल न करें। बेहतर होगा कि आप किसी भी नए कपड़े को धोने से पहले उस पर लगे लेबल को पढ़ लें।

कपड़ों से रंग का निकलना: कई बार ऐसा होता है कि कपड़ों को मशीन में धोते समय उसमें से रंग निकल जाता है और अन्य कपड़ों पर भी लग जाता है। आमतौर पर यह समस्या अधिकतर नए कपड़ों के साथ देखी जाती है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि जब भी आप किसी नए कपड़े को पहली बार धोएं तो उसे सीधे मशीन में धोने की बजाय अलग से हाथों से धोएं। वहीं, कपड़ों को धोते समय उस पर लगे लेबल को जरूर पढ़ें।

धोते समय कपड़ों पर दाग लगना: कई बार ऐसा भी होता है कि कपड़ों को धोते समय उन पर दाग लग जाते हैं और इसका कारण है कपड़ों की जेब में कुछ न कुछ होना। इसलिए बेहतर होगा कि जब भी आप कपड़ों को मशीन में डालने लगे तो उससे पहले जेब को अच्छी तरह चेक करें। अगर संभव हो तो कपड़ों को उल्टा करके धोएं। ऐसा करने से कपड़ों को धोते समय उन पर किसी तरह का दाग नहीं लगेगा।

कपड़ों का फेड होना: आमतौर पर गलत तरीके से कपड़ों को सुखाने के कारण उनका रंग फेड हो जाता है। दरअसल, कई लोग नमी और बैक्टीरिया से छुटकारा पाने के लिए आमतौर पर कपड़ों को तेज धूप में सुखा देते हैं, लेकिन सीधे सूर्य की रोशनी के संपर्क में आने से कपड़ों का रंग फेड हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने धोए हुए कपड़ों को हल्की धूप या फिर हवा में कुछ समय के लिए ही सुखाएं।

दीपिका पादुकोण के साथ दोबारा बन सकती है रजनीकांत की जोड़ी

साउथ इंडस्ट्री के भगवान का दर्जा पा चुके रजनीकांत जल्द ही एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। दोनों इससे पहले फिल्म कोचादइयां में साथ काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर पर्दे पर साथ दिख सकते हैं। अब जो प्रशंसक दोनों को फिर साथ देखने को इंतजार कर रहे हैं, यह उनके लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रजनीकांत ने एजीएस एंटरटेनमेंट के साथ एक फिल्म साइन कर ली है। देसिंगु पेरियासामी इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म की लीड हीरोइन के लिए दीपिका

पादुकोण से बातचीत चल रही है। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कहा जा रहा है कि रजनीकांत और दीपिका दोबारा स्क्रीन शेयर करने के लिए

बेहद उत्साहित हैं। दीपिका और रजनीकांत पहली बार फिल्म कोचादइयां के लिए साथ आए थे। इस फिल्म को बनाने में काफी खर्च हुआ था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई, वहीं दीपिका और रजनीकांत की जोड़ी भी दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई थी।

सिंघम 3 में अजय देवगन की जगह साउथ अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह बनेंगे सिंघम?

सिंघम फ्रेंचाइजी की फिल्मों ने बॉलीवुड में अच्छी प्रतिक्रियाएं हासिल की हैं। इस फ्रेंचाइजी की अब तक दो फिल्में बन चुकी हैं। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स की सफलता ने अजय देवगन को एक नया मुकाम दिया है। काफी समय से फिल्म सिंघम 3 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो सिंघम 3 में अजय की जगह साउथ अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह सिंघम बनेंगे। ठाकुर अनूप बताया है कि वह सिंघम 3 में अजय द्वारा निभाए गए सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अजय ने सिंघम का किरदार निभाया था। इस किरदार के जरिए उन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। ठाकुर अनूप इस फिल्म से बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू करने वाले हैं। वह तमिल की सुपरहिट फिल्म सिंघम 3 में अभिनेता सूर्या के अपोजिट खलनायक के किरदार में नजर आए थे। भले ही उन्होंने तमिल फिल्म सिंघम 3 में मुख्य खलनायक का रोल निभाया है, लेकिन इसकी हिन्दी रीमेक में वह लीड हीरो के रूप में दिखेंगे। उन्होंने कहा, अगर आपने साउथ की फिल्म सिंघम 3 देखी होगी, तो जानते होंगे कि फिल्म में सूर्या सर पुलिस वाले के किरदार में थे। मैं फिल्म में एक विलेन के किरदार में था। फिल्म की हिन्दी रीमेक में मैं सूर्या सर के किरदार में दिखूंगा। फिल्म की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ठाकुर अनूप ने इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को चर्चित प्रोड्यूसर गुड्डू धनोआ निर्देशित करेंगे। धनोआ को लेकर उन्होंने कहा, फिल्म को धनोआ निर्देशित करने जा रहे हैं। ये मेरी वाकई खुशनसीबी है कि जिन्होंने कई बड़े कलाकारों को लॉन्च किया है, वह शख्स मुझे भी बॉलीवुड में लॉन्च करने जा रहा है।

फराह खान के निर्देशन में म्यूजिक वीडियो बनने से निधि अग्रवाल का सपना साकार

अभिनेत्री निधि अग्रवाल जल्द ही अभिनेता सोनू सूद के साथ फराह खान द्वारा निर्देशित एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। इस प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिलने से अभिनेत्री रोमांचित हैं। गाने की शूटिंग पंजाब में हो रही है और इसमें सोनू एक किसान से पुलिस वाला बनने का किरदार निभाते नजर आएंगे। अपने उत्साह को साझा करते हुए निधि ने बताया, मैंने फराह मैम और सोनू सर के साथ गाने की शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया। किसी भी अभिनेता के लिए फराह खान द्वारा कोरियोग्राफ करना हमेशा एक सपना होता है, लेकिन मैं तब से डबल ट्रीट में थी। वह इसे निर्देशित भी कर रही थीं। निधि के लिए, फराह द्वारा निर्देशित किया जाना भी बहुत खास है क्योंकि यह बाद की निर्देशित ओम शांति ओम थी, जिसने अभिनय की दिशा में आईशंकरस्मार्ट अभिनेत्री को आगे बढ़ाया। निधि कहती हैं, इसकी शूटिंग के दौरान मुझे बहुत अच्छा लगा, क्योंकि मैंने ओम शांति ओम देखी थी और मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं! मैं इसे देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती। फिल्म की बात करें तो, निधि पवन कल्याण की अगली हरि हर वीरा मल्ली और उदयनिधि स्टालिन की अगली फिल्म में दिखाई देंगी।

इन तरीकों से करें प्रेशर कुकर का इस्तेमाल, सुरक्षित होगा खाना बनाना

प्रेशर कुकर की मदद से खाना बनाना जितना आसान है, ठीक उतना ही मुश्किल प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करना है क्योंकि अगर आपको इसके इस्तेमाल की सही जानकारी नहीं होगी तो आपको इससे खतरा भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर प्रेशर कुकर का ढंग से इस्तेमाल न किया जाए तो इसके फटने की संभावना बढ़ जाती है जिससे आपको भी चोट पहुंच सकती है। चलिए फिर आज प्रेशर कुकर का सही इस्तेमाल करने के तरीके जानते हैं।

सबसे पहले प्रेशर कुकर को चेक करें- अगर आप प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करने वाले हैं तो इससे पहले अच्छे से चेक कर लें कि इसमें कोई दरार या छेद तो नहीं है। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रेशर कुकर की सीटी खराब तो नहीं है। दरअसल, प्रेशर कुकर में खाना पकाने के लिए स्टीम प्रेशर का इस्तेमाल होता है और दरार या छेद के कारण दुर्घटना हो सकती है। इसलिए इसके इस्तेमाल में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

प्रेशर कुकर और व्यंजन के अनुसार डालें पानी: प्रेशर कुकर में व्यंजन बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए जब भी आप कोई भी व्यंजन बनाएं तो इसमें प्रेशर कुकर की क्षमता के अनुसार ही पानी डालें। इसके अलावा अलग-अलग खास व्यंजनों को पकाने के लिए आवश्यक पानी की मात्रा अलग-अलग हो सकती है और पानी डालते समय इसका बात की भी ध्यान रखें। कुकर में अधिक पानी न डालें और इसमें भांप बनने के लिए पर्याप्त जगह रहने दें।

खाना पकाने की प्रक्रिया से शुरू करें- व्यंजन के मुताबिक पानी डालने के बाद आपका अगला कदम सीटी को ठीक से लगाना, ढक्कन को सील करना और इसे गैस पर रखना होना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपने प्रेशर कुकर को अच्छी तरह से बंद किया है ताकि इससे कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा खाना बनाते समय प्रेशर कुकर की सीटी को न छूएं क्योंकि इससे खाना बनने में काफी समय लग सकता है।

ढक्कन तुरंत न खोलें: अगर आपने प्रेशर कुकर में कोई व्यंजन बनाया है तो इसके बनने के तुरंत बाद कुकर का ढक्कन न खोलें क्योंकि इसमें बहुत भांप होती है और इससे आप जल सकते हैं। बेहतर होगा कि आप पहले प्रेशर कुकर की भांप को निकालें। इसके लिए एक करछी का इस्तेमाल करके सीटी को थोड़ा उठाएं। इससे भांप बाहर निकल जाएगी।और कुछ देर बाद आप आसानी से ढक्कन खोल सकते हैं।

मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना चाहती हूं: मृणाल ठाकुर

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का कहना है कि वह खुद को तलाशते रहना चाहती हैं और खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालना चाहती हैं। मृणाल ने टेलीविजन शो कुमकुम भाग्य में अपने अभिनय से पहचान हासिल की। उन्होंने 2018 में नाटक लव सोनिया के साथ फिल्मों में कदम रखा। 28 वर्षीय अभिनेत्री को बाद में सुपर 30 और बाटला हाउस जैसी फिल्मों में देखा गया। उनकी नवीनतम फिल्म स्पोर्ट्स ड्रामा तूफान है, जिसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है। इसमें फरहान अख्तर और परेश रावल भी हैं। अपनी यात्रा को देखते हुए, मृणाल ने बताया, मैं सिर्फ एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाना चाहती हूं और मैं खुद को और शैलियों की खोज करना चाहती हूं। मैं विभिन्न निर्देशकों के साथ काम करना चाहती हूं। मैं यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मैं बाहर निकलूं मेरे कम्फर्ट जोन से, ये मैंने फरहान (अख्तर) से सीखा है। मृणाल अपने काम से अपने प्रशंसकों को प्रेरित करना चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं लोगों को प्रेरित करना चाहती हूं। मैं सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो दर्शकों पर प्रभाव छोड़ेगी। मृणाल को शाहिद कपूर के साथ अपनी आने वाली फिल्म जर्सी और आंख मिचोली की रिलीज का इंतजार है।

वन-टू-वन

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के कार्य से प्रभावित होकर भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

विवेक सेन रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे

इंदरगढ़। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सदस्य बनाओ अभियान के तहत उनके निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में दतिया जिले में सदस्यता अभियान जारी है। उसी तारतम्य में अशोक दांगी बगदा के कार्य से प्रभावित होकर मवई निवासी दीपक पाल एवं राजू वंशकार ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदयस्ता जिला कांग्रेस कार्यालय दतिया में ग्रहण की। कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के साथ कॉपरेटिव बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी दतिया अशोक श्रीवास्तव, जसवंत बघेल,विक्रम दांगी टेंडौत, जीतू कुशवाह,जनपद सदस्य महेंद्र प्रजापति, अक्की खान,सानू पठानआदि कांग्रेसजन साथ रहे।

कलेक्टर व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे

उज्जैन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 30 सितंबर को उज्जैन दौरा प्रस्तावित है । वे यहां पर बनने वाले क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का भूमि पूजन करेंगे साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुक्ल, अपर कलेक्टर संतोष टैगोर , उज्जैन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएस रावत एवं अन्य अधिकारियों ने तारामंडल पर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में दिशा निर्देश दिए।

शब्द संसार साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था, मुज़फ्फरनगर , उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी 3 अक्टूबर को एस. डी.इंजीनियरिंग मुज़फ्फरनगर में नेपाल निवासी युवा साहित्यकार पूजा %बहार% को ÷आरती स्मृति सम्मान-2021÷ से पुस्तक लोकार्पण व सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान पूजा बहार को उनकी निरंतर साहित्यिक सेवा हेतु प्रदान किया जाएगा। संस्था की संस्थापक व अध्यक्ष सविता वर्मा ने बताया कि उक्त सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार, उपन्यासकार आशा शैली जी व अन्य वरिष्ठजनों द्वारा दिया जाएगा। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष सविता वर्मा ग़ज़ल ,सचिव मनु श्वेता मनु व अन्य साहित्यकारों ने पूजा बहार को अग्रिम शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

(आगामी चुनावो को लेकर सर्किट हाउस पर करेंगे समीक्षा बैठक)

भिण्ड।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं मध्य प्रदेश सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी 29 सितंबर 2021 को दोपहर 12ः00 बजे भिंड सर्किट हाउस पहुंचेंगे। जहां पर वर्तमान विधायक,पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी 2018,लोकसभा प्रत्याशी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा सह प्रभारी के साथसभी,ब्लॉक अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष,मोर्चा एवं विभागों के अध्यक्षों एवं सभी इकाइयों की संगठनात्मक समीक्षा बैठक करेंगे और आगामी चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे। 29 सितंबर को प्रातः 9ः00 बजे झांसी से प्रस्थान कर कार द्वारा रोड होते हुए दोपहर 12ः00 बजे भिंड सर्किट हाउस पहुंचेंगे वहां पर सभी से चर्चा करने के पश्चात शाम को 4ः00 बजे भिंड से झांसी के लिए कार द्वारा वापस जाएंगे।

कांग्रेस के भारत बंद में किसानों और व्यापारियों का नहीं मिला समर्थन सुरेन्द्र बुधौलिया

भाजपा जिला अध्यक्ष बुधौलिया ने कहा कांग्रेसी नेता किसानों को माध्यम बनाकर कर रहे नौटकी

मोदी सरकार के नए कृषि कानून का कर रहे थे विरोध, किसानों का ही नहीं मिला समर्थन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दतिया । कांग्रेस और विरोधी दलों द्वारा भारत बंद पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बुधौलिया ने पलटवार करते हुए कहा कि किसानों व्यापारियों एवं दुकानदारों का बाजार बंद में कोई समर्थन नहीं मिला, रोज़ की तरह वह अपना कार्यभार करते रहे जबकि सोमवार को भी दतिया बंद नही हुआ और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए किसानों को माध्यम बनाकर भारत बंद की घोषणा की थी जिसमें ना तो किसान दिखाई दिए ना ही व्यपारी और ना ही दुकानदार जिसमें कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी और अन्य विरोधी दलों के कुछ कार्यकर्ता ही बाजार बंद में दिखाई दिए और बिना समर्थन के भारत बंद को नकार दिया गया 7

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र बुधौलिया ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विरोधी दल जिस तरह अपने निजी और राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसानों के वोट बैंक को अपनाने के लिए भारत बंद किया था वह पूर्णतः फ्लॉप हो गया क्योंकि मोदी सरकार

द्वारा नए कृषि के कानून को लेकर किसानों को झूठा भ्रमित किया गया था 7 भारत सरकार किसानों से बातचीत करने को तैयार है इसलिए दिल्ली में धरने पर बैठे किसानों को भी आंदोलन का रास्ता छोड़ देना चाहिए 7 उन्होंने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने चुनावों की सभाओं में किसानों को झूठ बोलकर कहा कि आप सरकार बनाइए 10 दिन में हम कर्जा माफ करेंगे जबकि प्रदेश की कमलनाथ के 15 माह की सरकार ने ना तो कोई किसानों के कर्ज माफ किए और रंग-बिरंगे फार्म भरवा कर झूठे प्रमाण पत्रों को वितरित किया गया जिसका प्रमाण श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी दे दिया था कि मध्य प्रदेश में कोई भी किसान का कर्जा माफ नहीं हुआ 7 बाढ़ आपदा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ और दिग्विजय सिंह कांग्रेस नेता उनके दुख में दिखाई नहीं दिए और भाजपा की सरकारों को झूठ बोलकर बदनाम करने का षड्यंत्र रचाते रहे 7 पार्टी जिला अध्यक्ष बुधौलिया ने कांग्रेस के भारत बंद को लेकर कहां की दतिया जिले की तहसीलों के शहरी अंचल में भी बाजार बंद का कोई असर दिखाई नहीं दिया कांग्रेस ने किसानों के नाम पर बाजार बंद करने की घोषणा की थी, उनके जुलूस में एक भी किसान शामिल नहीं हुआ क्योंकि उनकी ओछी मानसिकता और झूठ बोलने की इस संस्कृति को किसान पूर्व से समझ चुका है 7 उन्होंने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों के नए कृषि-कानून के माध्यम से उनकी खेती को लाभ का धंधा बनाने के साथ-साथ अनेकों योजनाएं उनके लिए समर्पित की हैं जिसका लाभ किसान ले रहे हैं, नई कृषि नीति से किसानों को बहुत लाभ भी हो रहा है।

विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को तत्काल पूरा करे सरकार-डॉ राधेश्याम शर्मा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड।। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने आज विद्युत विभाग के आउट सोर्स कर्मचारियों की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन दिया और बिजलीघर वाटर वर्क्स पर चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल हुए उनके साथ नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी राहुल कुशवाह सूरज पाल सिंह कुशवाह शंकर सिंह राजावत भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा की विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर हैं उनकी प्रमुख मांगे हैं दैनिक वेतन भोगी संविदा कर्मियों को केंद्र के समक्ष न्यूनतम वेतनमान प्रदान करें और बिजली विभाग में ठेकेदारी प्रथा को तत्काल समाप्त किया जाए उन्होंने कहा जल्दी आपके ज्ञापन की मांगों से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर गोविंद सिंह जी को अवगत कराएंगे कांग्रेस पार्टी आपकी मांगों को उचित मंच पर उठाएगी।

धरने में शामिल हुए शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा को विद्युत आउटसोर्स कर्मचारियों ने ज्ञापन भी दिया ज्ञापन में आउट सोर्स विद्युत कर्मचारियों की प्रमुख मांगे निम्न प्रकार हैं

1 केंद्र सरकार के ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित महंगाई की दर को आधार मानकर तेलंगाना और अन्य राज्य अपने यहां दैनिक वेतन भोगी संविदा कर्मचारियों केंद्र के समक्ष न्यूनतम वेतन प्रदान कर रहे हैं मध्यप्रदेश में यह वेतन क्यों नहीं बढ़ाया गया इस को तत्काल परीक्षण करके वेतन बढ़ाया जाए

2 मध्य प्रदेश विद्युत क्षेत्र से ठेकेदारी कल्चर समाप्त कर आउट सोर्स रिफॉर्म नीति बनाई जाए छोटे पद सृजित कर ठेका कर्मियों को इन पदों पर संविलियन कर उन्हें नियमित किया जाए

3 बिजली विभाग आउट सोर्स कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने हेतु आदेश जारी किए जाएं राष्ट्रीय त्योहारों पर काम करने की एवज में अलाउंस प्रदान भी किया जाए।

वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल ने किया अनोखा अभियान प्रारंभ

पौधों को देगे जीवन दान तभी बनेगा जीवन महान - राघव उपाध्याय

संवाददाता विवेक पाण्डेय

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल के पदाधिकारी गौरव जादौन के जन्मदिवस के अवसर पर वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल ने एक अनूठी पहल करते हुए वीरेंद्र नगर से नाली में अंकुरित 150 से अधिक संख्या मेंपौधों को एकत्रित किया जिसमें अशोक बरगद पीपल नीम शहतूत आदि एवं दीवारों में लगे हुए बरगद पीपल को भी सुरक्षित निकाला गया वहीं शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे हुए बरगद पीपल आदि के पौधों को भी निकाला जाएगा एवं स्थानांतरण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिला नक्षत्र वाटिका सह प्रभारी राघव उपाध्याय ने बताया यह प्रक्रिया नई नहीं है मंडल की ओर से पूर्व में भी वर्षा ऋतु में प्रमुख रूप से यहां वहां पौधों के नीचे अंकुरित बीजों को एवं पौधों को एक स्थान से निकाल कर दूसरे स्थान पर जहां सुरक्षित वातावरण में थैलियों में मिट्टी को भरकर उसमें पौधे को विधिवत खाद बीज पानी की व्यवस्था करते हुए उनको नया जीवन दान देने की प्रक्रिया शुरू की है वहीं कार्यक्रम प्रभारी दीपक मिश्रा ने बताया क्योंकि नर्सरी में पौधे अधिक महगे मिलने के कारण मंडल को पौधे खरीदने में काफी दिक्कत आ रही थी और अधिकतर पौधे हमारे आस-पास ही मिल जाएंगे लेकिन उसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी इसीलिए मंडल ने यह निश्चय किया कि हम प्रकृति से लेना सीखे और प्रकृति को देना सीखें तब मंडल ने निश्चय किया।

महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा किया सम्मान

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

मैसूर.– चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर्स वेलफेयर एसोसिएशन, साउथ सेंटर जॉन - हैदराबाद मैसूर डिविजन के तत्वाधान में गोल्फ क्लब में कार्यक्रम रखा गया द्य दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य महिलाओं द्वारा आरती की गई द्य जिसमें बीमा अधिकारियों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर मंथन करते हुए अपने विचार साझा कीए द्य कार्यक्रम से आयोजक समाजसेवी बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित रहे द्य जिनका राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया द्य इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष जी.एस. लिंगा चिक्के गौड़ा,राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश झावर,राष्ट्रीय सचिव अक्षय कुमार,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आर.डी. खंडेलवाल, एस.एन. जेड.अध्यक्ष जी.सोमनरसेया, मैसूर विभाग अधिकारी सत्यनारायण शास्त्री, व्यवस्थापक एस.प्रकाश,बनूर प्रकाश सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

दिग्विजय सिंह ने फिर MP में CM बदलने का किया दावा, शिवराज सरकार को लेकर कही बड़ी बात

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

इंदौर । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है. दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश में जारी एंटी माफिया अभियान पर सवाल उठाए हैं, तो दूसरी तरफ शासन और प्रशासन पर दोहरे मापदंड अपनाकर कार्रवाई करने का आरोप भी लगाया है।दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर दावा किया है कि मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने वाला है, लेकिन अब आदिवासियों की जमीन पर कब्जे के आरोप के चलते वीडी शर्मा के नंबर कम हो गए हैं. वहीं दिग्विजय ने कहा कि आगामी उपचुनाव के नतीजों से सरकार को धक्का लगेगा।दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पक्षपात कर रहा है. जबकि इंदौर में आदतन अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. उनकी हिम्मत इतनी बड़ी हुई है कि वे मंत्री के गले में सोने की चेन पहनाते हैं. उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री की रैली पर कोई कार्रवाई नहीं होती है. जबकि कांग्रेस की

रैली ओर प्रदर्शन पर कार्रवाई होती है. इसी भेदभाव के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आंदोलन कर रही है. प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है. हालात यह है कि इंदौर में शराब ठेकेदारों की मीटिंग में गोलियां चल रही है. अपराधियों को संरक्षण मिला हुआ है. कांग्रेस नेता राजू भदौरिया पर जिला बदर का प्रकरण नहीं बनता है उन पर छोटे मामले हैं।दिग्विजय सिंह ने सड़क पर आकर शासन के रवैये के खिलाफ आंदोलन में भाग लेने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया है. केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि सात सालों में देश मे हालात बिगड़े हैं. किसान कानून को लेकर किसानों से कोई चर्चा नहीं की गई. कृषि व्यापार पर कब्जा कराने के लिए तीनों कानून लाए गए. किसानों के साथ ही उपभोक्ताओं का भी नुकसान है. देश मे डीजल खाद के भाव बड़ रहे हैं. दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदी जी ने किसानों की आमदनी डबल करने की बात कही थी, लेकिन किसानों की हालत बिगड़ रहे हैं. देश की संसद भवन की बिल्डिंग अच्छी है, लेकिन बिना टेंडर लगाए और किसी से चर्चा किए बिल्डिंग बनाने का काम शुरू कर दिया गया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर को लेकर दिए गए बयान को लेकर मचे बवाल पर दिग्विजय सिंह का कहना है कि मैं सद्भाव को बिगाड़ने वाली विचारधारा के खिलाफ रहा हूं. उन्होंने कहा कि मेरे पास प्रमाण और तथ्य मौजूद हैं. जिसके आधार पर मैंने सरस्वती शिशु मंदिर को लेकर बयान दिया था।

पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता को आया गुस्सा,युवक पर बरसा दिए थप्पड़

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी । खबर शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग की है। यहां देर रात पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता जी बिफर गए। किसी बात को लेकर नेता जी इतने नाराज हो गए कि उन्होंने पेट्रोल पंप पर युवक को थप्पड़ बरसा दिए। नेता जी के देर रात अचानक बिगड़े स्वभाव का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो गया। जिन नेता का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है वो भाजपा पार्टि से जुड़े हैं। उनका नाम प्रीतम लोधी है।प्रीतम लोधी शिवपुरी का नाम बड़े भाजपा नेताओं में जोड़ा जाता है। प्रीतम लोधी अब तक शिवपुरी जिले की पिछोर विधान सभा से दो बार चुनाव भाजपा की ओर से लड़े है।

जब बात पिछोर विधानसभा की बात आती है तो यह भी बताना होगा कि मध्यप्रदेश में भाजपा 6 बार से पिछोर विधानसभा में कांग्रेस से विधायक केपी सिंह कक्काजु का अवेध किला तोड़ने में नाकाम रही हैं। परन्तु ऐसा भी नहीं हैं। पिछोर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रीतम लोधी कांग्रेस प्रत्याशी से जीत पाने वाले आंकड़े के करीब से लौट आए और उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।जिसके बाद भाजपा नेता प्रीतम सिंह लोधी फिर एक बार वायरल वीडियो के चलते सुर्खियों में आ गए हैं। पेट्रोल पंप पर उनके द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा हैं।

राजनीति खेमे में मची हलचल: वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुआ,वैसे ही राजनीति खेमे में हलचल मच गई। वीडियो सोशल मीडिया में खूब सुर्खियां बटोर रहा है। यह वीडियो उस व्यक्ति का बताया जा रहा जिसने देर रात भाजपा नेता से मार खाई थी। इसके बावजूद अब उक्त वीडियो में व्यक्ति कहता हुआ दिखाई दे रहा है कि मेरा विवाद किसी और से था जिसके बीच बचाब में भाजपा नेता ने उस पर हाथ उठा दिया।

गोरमी में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने पर नगर वासियों ने खुशी जाहिर की।

संतोष सिंह भदोरिया
पुष्पांजली टुडे

गोरमी। गोरमी नगर में काफी समय से शासकीय महाविद्यालय खोले जाने की मांग स्थानीय छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों द्वारा की जा रही थी आज वह मांग पूरी हो गई है मेहगांव के विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने इसी सत्र में महाविद्यालय शुरू हो इसके लिए भोपाल में काफी मेहनत की अब शासन द्वारा महाविद्यालय के लिए प्राचार्य सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी हो गए हैं इसलिए स्थानीय नगर वासियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव एबम राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया एवं मध्य प्रदेश सरकार का आभार माना है।बरसो से जो मांग चली आ रही थी वह पूरी हो गई है अब छात्र छात्राओं को प्रवेश लेने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा ऐसा बताया जा रहा है कि जब तक महाविद्यालय की खुद की बिल्डिंग नहीं बन जाएगी तब तक शासकीय इंटर कॉलेज मैदान में स्थित कन्या मिडिल स्कूल के भवन में शासकीय महाविद्यालय संचालित होगा।

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

लांजी = मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा 28 सितंबर को लांजी में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार सारिका परस्ते को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तहसील अध्यक्ष राजीव कुमार अवस्थी के द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में ज्ञापन दिया।उसी तारतम में हमारे द्वारा भी 6 सूत्री मांगों को लेकर आज तहसील कार्यालय आकर ज्ञापन सौंपा गया तथा उपरोक्त ज्ञापन मे प्रमुख मांगे

1-अधिकारियों कर्मचारियों की माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रत्याशा में पदोन्नति अति शीघ्र प्रारंभ किया जावे। दूसरी मांग प्रदेश अधिकारियों कर्मचारियों सहित पेंशनरों निगम मंडल इत्यादि के कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के समान केंद्रीय तिथि से 16त्न महंगाई भत्ता का भुगतान तत्काल किया जावे एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का लंबित येरियर्स भी दिया जावे । तीसरी मांग स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मंत्री परिषद के आदेश दिनांक 4 /1/ 2020 के संदर्भ में दिया जावे । चौथी मांग ग्रह भाड़ा भत्ता व अन्य भत्ते सातवें वेतनमान अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों के समान दिया जावे। पांचवी मांग प्रदेश के विभिन्न स्वर्ण लिपिक, पुलिस ,पटवारी अध्यापक, शिक्षक ,की वेतन विसंगति दूर किया जावे सेवा अवधि अनुसार पदनाम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के निराकरण दैनिक वेतन भोगी ,संविदा कर्मचारी ,स्थाई कर्मी आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमितीकरण अनुकंपा नियुक्ति में सरलीकरण को लेकर एक वरिष्ठ मंत्री की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जावे समिति के निर्णय का तत्काल आदेश हो ऐसा प्रावधान किया जावे। इसी के साथ हमारी अंतिम और छठी मांग यह है कि प्रदेश के समस्त विभागों में वर्ष 2005 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को लागू नवीन अंशदायी पेंशन योजना को बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू किया जावे। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा जिले से प्रत्येक स्तर के अधिकारी कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के संबंध में शासन प्रशासन को पत्र के माध्यम से मांगों की पूर्ति हेतु ध्यानाकर्षण कराया गया है मांगों का निराकरण नहीं होने की स्थिति में संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रदेश व्यापी तीन चरणों में आंदोलन के तहत दिनांक 29 साथ 2021 को प्रदेश के समस्त जिलों के अधिकारी कर्मचारी द्वारा एक दिवस का सामूहिक अवकाश लेकर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया गया किंतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर कोई आदेश नहीं किया गया और ना ही कर्मचारी संगठनों से संवाद किया गया इसी को देखते हुए प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों में निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है।

अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रों ने किया कलेक्ट्रेट का किया घेराव,पांच सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दतिया । जिले के विभिन्न छात्रावासों में रहने वाले अजा,अजजा जाति वर्ग के छात्रों ने आज न्यू कलेक्ट्रेट में अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन किया एवं जमकर नारेबाजी भी की। अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्र छात्राए आज ऐकत्रित होकर कलेक्टोरेट पहुंचे एवं छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। उक्त छात्रों ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर संजय कुमार को सौंपा ज्ञापन। कलेक्टर को दिए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि सत्य 2020-21 में कटौती की गई है जितनी कटौती की गई उतनी अंतर की राशि जल्द से जल्द छात्र छात्राओं को दिलाई जाए, ओर छात्र-छात्राओं को आवास भत्ता योजना के अंतर्गत 12 महीने की राशि जो प्रतिमाह जिला स्तर पर 1250 देय है जल्द से जल्द दिलाई जाए , सत्र 2020-21 स्टेशनरी छात्र-छात्राओं को प्राप्त नहीं हुई है जल्द से जल्द उसको उपलब्ध कराया जाए ,सत्र 2020-21 की अध्ययन से संबंधित अध्ययन की किताबें नहीं दिलाई गई है जल्द से जल्द दिलाई जाए ओर कॉलेज प्रांगण में भारतीय संविधान निर्माता सिंबल ऑफ नॉलेज बाबा साहेब डाकटर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जाए आदि शामिल रहीं।

वन-टू-वन

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस चर्चा को गाँवों तक ले जाकर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्न को साकार करना है । आर्थिक स्वतंत्रता के बिना यह स्वतंत्रता अधूरी है ।

सिद्धगिरी पीठ , कनेरी मठ के पूज्य स्वामी कोडसिद्देश्वर जी ने देश भर में फैले छोटे - छोटे समुदायों के सशक्तिकरण करके इस अभियान को आगे बढ़ाने पर बल दिया । उन्होंने शिक्षा , चिकित्सा , रोजगार के अभाव में खाली होते गाँवों पर चिंता व्यक्त की । शासन द्वारा सबको मुफ्त वितरण की सुविधा देश को आलस्य में धकेल देती है , अतः जनता को रोजगार देकर स्वावलंबी बनाना ही एकमात्र रास्ता है । अर्थव्यवस्था के केंद्रीयकरण नें गाँवों का सर्वनाश कर दिया है । गाँव को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने कनेरी मठ के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि मात्र 3 वर्षों में कोल्हापुर जिले में ही गायों की संख्या तीन लाख बढ़ गई है , 2000 महिलाओं को सिलाई से रोजगार मिला है । किसानों से पूरा वर्ष 40 रू . किलो में सब्जी खरीदते हैं तथा स्कूलों में 235 शिक्षक अपनी ओर से नियुक्त किए हुए हैं । अनेक गाँवों को गोबर गैस के बल पर एलपीजी मुक्त गाँव बनाया है । कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रो . भगवती प्रकाश शर्मा ने तीन दिन चली चर्चा का सारांश प्रस्तुत किया । मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री आर . सुंदरम ने तीन दिन चली इस चर्चा में सबके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस चर्चा से हमें देश की भावी दिशा निर्धारित करने में लाभ मिलेगा । स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता इस चर्चा को गाँव - गाँव तक ले जाएँगे । अफ्रीकी देश व ताइवान जैसे देश अपनी संकल्प शक्ति के बल पर आगे बढ़े हैं । भारत के पास युवा शक्ति , अनेक शोध संस्थान , स्टार्टअप , विश्वविद्यालय , कृषि भूमि , लघु उद्योग आदि का विशाल तंत्र है । भारत भी अपनी संकल्प शक्ति के बल पर आगे बढ़ेगा । गरीबी मुक्त भारत , रोजगार युक्त भारत , पर्यावरण की रक्षा करते हुए 2030 तक भारत 10 ट्रिल्यन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा । देश में इस संकल्प शक्ति और एकजुटता के निर्माण करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता गाँव - गाँव तक एक ÷ महान जन अभियान ÷ चलाएँगे । इसी के साथ अर्थ चिंतन 2021 सम्पन्न हो गया ।

रोजगार मेले का आयोजन आज आईटीआई भिण्ड में

नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। आत्मनिर्भर म.प्र. निर्माण के अन्तर्गत जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड द्वारा रोजगार मेले का आयोजन 29 सितम्बर 2021 को आईटीआई भिण्ड पर प्रातः11 बजे से किया जाएगा। रोजगार अधिकारी भिण्ड ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में शिव शक्ति वायोटेक लिमि. अहमदाबाद गुजरात, एलआईसी भिण्ड एवं सुप्रियों प्रायवेट लिमि. मालनपुर के द्वारा सेल्स एजुकेटिव, फील्ड ऑफीसर एवं ट्रेनीज की भर्ती की जावेगी उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता इंटर /हाईस्कूल योग्यता 18 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण करने वाले बेरोजगार युवक भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में आने वाले युवकों/युवतियों को मास्क लगाना, सोशल डिस्टेसिंग और कोविड-19 की गाईडलाईन्स का पालन करना अनिवार्य होगा। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

ईएसएस प्रोफाईल अपडेशन प्रशिक्षण प्रारंभ

नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी एचएन मिश्रा के समक्ष एवं सिस्टम मैनेजर विजय कुमार जैन द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं लेखापालों का प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र में दिया। यह प्रशिक्षण 5 अक्टूबर 2021 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु विभिन्न कार्यालयों के डीडीओ एवं लेखापालों को सर्विस मेटर के संबंध में बारीकी से समझाया गया। सिस्टम मैनेजर विजय कुमार जैन ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि हारर की केवल एक बार ही बनाई जाती है यदि किसी डीडीओ के द्वारा हारर की नहीं बनाई गई है वे सबसे पहले हारर की बनायें। हारर की डीडीओ के पासवर्ड से बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री जी के नाम अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

पिछोर तहसील/ब्लॉक कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री म.प्र. शासन एवं मुख्य सचिव के नाम अधिकारी कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को लेकर एसडीएम कार्यलय में ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों द्वारा मांगो का निराकरण न होने से कर्मचारी संगठनों में काफी निराशा व आक्रोश व्याप्त है कर्मचारियों की मांगो में सर्वप्रथम पेंशन एवं निगम मंडल इत्यादि में केंद्रीय समान महंगाई भत्ता एवं एरियर्स की मांग की गई पदोन्नति उच्चतम न्यायालय के संबंध में सीघ्र प्रारम्भ की जाए। अधिकारी कर्मचारी के बीमा योजना का लाभ मंत्री परिषद के आदेश के संधर्भ में दिया जावे। अधिकरियों एवं कर्मचारियों को ग्रह भाड़ा भत्ता एवं अन्य भत्ते सातवे वेतन मान अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों के समान दिया जावे। कर्मचारियों के अंशदायी पेंशन के बदले पुरानी पेंशन लागू की जाए। शिक्षा बिभाग की प्रतिनियुक्ति खत्म की जावे।नवीन शिक्षक सम्वर्ग के शिक्षको की शीघ्र क्रमोन्नति और पदोन्नति की जावे।ध्रत्य का नाम बदल कर कार्यालय सहायक किया जावे।आँगन बाड़ी कार्यकर्ता सहायका को नियमित वर्ग मे शामिल किया जावे।शिक्षको को वेतनमान के अनुसार पदनाम दिया जावे। एवं अन्य मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया।

आदरणीय श्री आनंद लिटौरिया प्रांतीय प्रवक्ता जी के मार्गदर्शन में श्री सतेंद्र राज भट्ट पिछोर संयोजक संयुक्त मोर्चा पिछोर, श्री सुरेंद्र शर्मा सचिव महासंघ जिला अध्यक्ष , श्री सतीश शर्मा संयुक्त मोर्चा पिछोर तहसील अध्यक्ष, श्री मनदीप तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष, श्री रूपेश जैन लिपिक संघ ब्लॉक अध्यक्ष, श्री विनोद भार्गव बरिष्ठ उपाध्यक्ष , श्री सुनील गुप्ता जिला महामंत्री , श्री अजय श्रीवास्तव ब्लाक अध्यक्ष, श्री अनिल गुप्ता कार्यवाहक अध्यक्ष , राज्य कर्मचारी संगठन , श्री प्रवीण गुप्ता ब्लाक कोषाध्यक्ष , श्री जयकुमार छारी ब्लाक उपाध्यक्ष ,श्री रमेश शर्मा उत्कृष्ट संकुल अध्यक्ष, श्रीमती रामदेवी करोठिया मनपुरा संकुल अध्यक्ष, श्री बृजेश पाठक , श्री विनोद कर्ण, श्री रामरतन जाटव, श्री तनवीर अहमद, , श्री रमाकांत पुरोहित, श्री मनोज शर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर संयुक्त मोर्चा के तहत ज्ञापन सौंपा गया।

अर्थ चिंतन 2021 स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय चर्चा अर्थ चिंतन 2021, 25 सितम्बर को सम्पन्न हो गया

जनसंख्या समस्या नहीं है , यदि जितने पेट हैं तो उससे दुगने हाथ भी हैं

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह श्री सी.आर. मुकुंदा ने कहा कि अधिकांश बातें हमारे ग्रंथों में बताई हुई हैं । हमें समाज की संकल्प शक्ति बनानी होगी । संकल्प और कृतित्व से ही भविष्य बनता है । हमें समृद्धि का दृष्टिकोण बदलना होगा और इसके लिए समाज में ÷ समृद्धि पूजा का भाव जागृत करना होगा । दारिद्रय किसी भी समाज को लम्बे समय तक जीवित नहीं रख सकता । समय की बर्बादी और असमर्थता से दरिद्रता आती है । जनसंख्या समस्या नहीं है , यदि जितने पेट हैं तो उससे दुगने हाथ भी हैं । हमें समृद्धि को मंत्र बनाना है , किंतु यह समृद्धि धर्म से नियंत्रित हो , यह भी सुनिश्चित करना होगा । समृद्धि निर्माण , कृषि , व्यापार , उद्योग , सेवा क्षेत्र , हुनर आदि विभिन्न क्षेत्रों के द्वारा होता है । यह कार्य हम अपनी वर्क फोर्स की शक्ति से करें । इसके लिए छोटे समुदायों को साथ लें । समृद्धि हस्तांतरण को समृद्धि निर्माण मानने की भूल हमें नहीं करनी है । दुनिया में शेयर बाजार उतार चढ़ाव , टेक्स बचाव , दलाली , सनसनी से सट्टेबाजी आदि जैसे समृद्धि हस्तांतरण को समृद्धि निर्माण मान लिया जा रहा है ।

टेक्नोलोज़ी को रोकना सम्भव नहीं है । विश्व के सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाली सर्वाधिक युवा शक्ति भारत में है . अतः इससे लाभ उठाने का कौशल विकसित करना होगा ।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में 130 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे

÷कलेक्टर ने जनसुनवाई में ही दिव्यांग को ई-रिक्शा, मृतक पत्नी को 5 हजार की सहायता एवं बीपीएल को खाद्यान्न दिलाया÷

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 130 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के समक्ष ग्राम ढ़ंकपुरा अमायन निवासी लेखाराम द्वारा बताया गया कि, शा. उचित मूल्य की दुकान पर अंगूठा लगवा लिया जाता है पर खाद्यान्न नहीं दिया जाता है। जिस पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने तत्काल निराकरण करने खाद्य एवं

नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया। जिस पर जनसुनवाई में ही खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के द्वारा कार्यवाही कर तत्काल श्री लेखाराम को खाद्यान्न उपलब्ध करवाया। साथ ही शा.उचित मूल्य दुकान संचालक को आगे के लिए इस प्रकार की शिकायत ना आये इस ओर सजग किया।

इसी प्रकार जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के समक्ष ग्राम भदाकूर निवासी श्रीमती मुन्नी बाई ने बताया कि उनके पति संभल पंजीकृत सदस्य रन्जोर सिंह की मृत्यु होने पर अंत्येष्टि सहायता नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने तत्काल एक घंटे के अंदर मृतक की पत्नी श्रीमती मुन्नी बाई को 5000 रुपये की अंत्येष्टि सहायता प्रदाय कर निराकरण किया।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी अधिकारी अब्दुल गफ्फार द्वारा नारायण सिंह दोहरे पुत्र रमेशचन्द के लिए बैटरी वाला ई-रिक्शा तैयार कर जनसुनवाई कक्ष में एडीएम प्रवीण फुलपगारे ने नारायण सिंह को बैटरी वाला ई-रिक्शा प्रदान किया। ई-रिक्शा पाकर श्री नारायण सिंह बहुत खुश है और कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद कर रहे हैं।

अनजान महिला ने की पूर्ण मदद 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा पहुंचाया अस्पताल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिंड । घटना मंगलवार दोपहर 12ः50 बजे की है, यह पूरा मामला मेहगांव थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम गाता और चिरोल के बीच एक नव दंपति का जोड़ा नीतू उम्र 24 साल पति नंद किशोर शर्मा निवासी ग्राम गड़ी, अपनी पत्नी को 7 माह के प्रसव काल के दौरान अपनी निजी मोटरसाइकिल प्लैटिना से,दंदरौआ धाम मंदिर पर दर्शन के लिए जा रहा था परंतु ग्राम गाता से आगे निकलते ही अमायन मोड़ के पास,पास से गुजर रही एक अनजान स्विफ्ट कार चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए नव दंपति की गाड़ी को कट मार दी जिस कारण मोटरसाइकिल चालक नंदकिशोर शर्मा अपना संतुलन खो बैठा और पत्नी सहित रोड पर गिर पड़ा जिस कारण उसकी पत्नी के सर में गंभीर चोट आई और 7 माह का प्रसव काल होने के कारण नीतू के पेट में भी दर्द होने लगा और वह मूर्छित होकर रोड पर गिर पड़ी, और उसके पति को भी हल्की-फुल्की चोटें आयी,वही पास से गुजर रही पमारपुरा निवासी महिला रेखा जाटव पत्नी रामेश्वर जाटव उम्र 35 वर्ष जब यह घटना को देखा तो तुरंत पूरी तन्मयता के साथ अपने सभी कार्य को छोड़कर नीतू और नंद कुमार की देखरेख में लग गई इतना ही नहीं उसने पास से गुजर रहे राहगीरों की मदद से 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के लिए फोन कराया, मौ थाना108 इमरजेंसी एंबुलेंस जो कि उस समय मेहगांव में थी रोड एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने पूर्ण तत्परता से समय पर घायल पीड़ित महिला के पास गाता पहुंचे और महिला की गंभीर हालत को देखते हुए घायल अचेत पड़ी महिला नीतू शर्मा को शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल भिंड के लिए रेफर कर दिया तब तक अनजान महिला रेखा जाटव पूर्ण तन्मयता और पूर्ण श्रद्धा भावना से पीड़ित महिला की देखरेख में लगी रही, और तब तक पीड़ित महिला के परिजन भी वहां पहुंच गए उन्होंने रेखा जाटव के कार्य प्रशंसा की, रेखा जाटव ने एक अच्छी इंसानियत की मिसाल पेश कीअगर इसी तरह लोग एक दूसरे की मदद करते रहे तो यह कहना संभव नहीं कि आज भी इंसानियत बाकी है

अतिक्रमण का दंश झेल रहा घोटी घुसमारा का गौठान

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन घोटी घुसमारा के सामने पुस्तान - पुस्ती, पीढ़ी- दर पीढ़ी, से आखर खिलवा मुठवा है।जहां पर दीपावली पर्व में गोवर्धन पूजा एवं समस्त ग्राम के गाय, बैल, भैंस सभी पशुधन को एकत्रित कर पूजा अर्चना पश्चात गाय खिलाई जाती है। एवं सार्वजनिक सभा मंच होने के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रम होते चले आ रहे हैं। उक्त भूमि पर ग्राम के कुछ लोगों द्वारा मकान बनाकर तथा टीन के छप्पर बनाकर अतिक्रमण किये जाने के चलते बिते वर्ष से यहां ना तो खिलवा मुठवा की पूजा हो पा रहीं हैं ना ही गाय खिलावन का कार्य हो पा रहा है । जिसकी शिकायत ग्रामवासियों के द्वारा बिगत वर्षों से कलेक्टर जनसुनवाई के अलावा तहसील कार्यालय में अनेक बार की जा चुकी है। शिकायत उपरांत एक बार पटवारी राजस्व निरीक्षक द्वारा जमीन का नाप किऐ जाने पर अतिक्रमण पाया गया । तथा अतिक्रमण कर्ताओं पर प्रकरण दर्ज कर अर्थदंड देकर बेदखली आदेश भी दिया गया था। किंतु अतिक्रमण कर्ताओ द्वारा कब्जा नहीं छोड़ा गया । दीपावली त्यौहार के पूर्व बीते वर्ष पुनः ग्राम पंचायत में सरपंच ,पंच एवं गणमान्य नागरिक के बीच एक बैठक रखी गई। बैठक में अतिक्रमणकारियों द्वारा यह कहा गया कि हमने उक्त जमीन का जुर्माना भर दिया है अब हम कब्जा नहीं छोड़ेंगे। जो बनता है वह कर लो ऐसा कहने पर गोवारा समाज के लोगों द्वारा उस स्थल पर दीपावली के त्यौहार में गाय खिलाना एवं गोवर्धन पूजा कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण करने वाले लोग दबंगता दिखाते हुए ग्राम की सांस्कृतिक सामाजिक एवं धार्मिक जन भावनाओं को आघात पहुंचा रहे हैं।

कार्यवाही को लेकर सौंपा ज्ञापन: ग्राम घोटी घुसमारा के ग्रामीणों ने 28 सितंबर को तहसील कार्यालय पहुंचकर पुनः ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई है। ग्राम के विजय कटरे, फूलचंद घोमारे,करण मडामे, दुलीचंद नेवारे,, रामदास हनोते, अशोक नेवारे, महेंद्र ढोक,हूकरू नेवारे,गुनीराम मुरकुटे,राजेश्वर मुरकुटे, ओमकार मुरकुटे, चैतराम नेवारे,हुलासराम नेवारे,प्रेमलाल मुरकुटे,राजु घोरमारे आदि ने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की बुमन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया गेम्स में दिखाया जलवा

ग्वालियर। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एजुकेशन की बुमन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपना जलवा दिखाते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में लौटकर आई बुमन हॉकी टीम का जोरदारी के साथ स्वागत और सम्मान किया गया। गत दिवस इस अवसर पर बुमन हॉकी टीम के सभी 18 खिलाड़ियों को आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की ओर से सम्मान स्वरूप नगद पुरस्कार भी दिया गया। इसके साथ ही टीम को आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने 5 लाख 40 हजार रूपये का पुरस्कार और आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसल श्रीमती रूचि सिंह चौहान की ओर से डेढ़ लाख रूपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के लियोनार्दो दा विंची ब्लॉक में आयोजित सम्मान समरोह के मुख्य अतिथि के रूप द्रोणाचार्य, अर्जुन अवार्ड पुरस्कार प्राप्त प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी राजेंद्र सिंह और हाल ही में टोक्यो ऑलंपिक में महिला हॉकी टीम के असिस्टेंट कोच और प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी शिवेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए खेलों की दुनिया में सफलता के टिप्स दिये। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसलर श्रीमती रूचि सिंह चौहान, प्रो. चांसलर दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर डॉ. एसएस भाकर, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, स्कूल ऑफ स्पॉर्ट्स एजुकेशन के डीन डॉ. कपिल दबे आदि ने जूनियर खिलाड़ियों को सफलता के टिप्स दिये।

खेलों की दुनिया में सफलता हासिर करने के लिए लगन और महनत की जरूरत: राजेंद्र सिंह: आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी राजेंद्र सिंह ने कहा कि खेलों की दुनिया में आप तभी सफलता हासिल कर सकते हैं, जब उस क्षेत्र में आपकी रूचि और लगन हो। क्योंकि आप खेलों को जितना समय देंगे, आप उतना ही सफलता के करीब पहुंचते जायेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि पहली बार खेलो इंडिया गेम्स में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की बुमन टीम ने अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने कहा कि जब भी किसी भी खिलाड़ी को खेलों से जुड़ने और तकनीक जानने की आवश्यकता होगी मैं ऐसे खिलाड़ियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

एकजुट और बेहतर तालमेल से ही जीत होती हो हासिल: शिवेंद्र सिंह: आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में आयोजित सम्मान समारोह में टोक्यो ऑलंपिक में बुलन हॉकी टीम के असिस्टेंट कोच और राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवेंद्र सिंह ने कहा कि मुझे आज खुशी हो रही है कि हमारे ग्वालियर की आईटीएम यूनिवर्सिटी की बुमन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया में अच्छा प्रदर्शन किया। हॉकी में अच्छा प्रदर्शन टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के तालमेल से ही होता है। यानी टीम का प्रत्येक खिलाड़ी एकजुट और बेहतर तालमेल के जरिये सफलता हासिल प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब भी हॉकी खिलाड़ियों को मेरी जरूरत होगी मैं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

आप खेलों में अच्छा प्रदर्शन करें, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर हमेशा आपके साथ है: श्रीमती रूचि सिंह चौहान : आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की बुमन हॉकी टीम के सम्मान समारोह के दौरान आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसलर श्रीमती रूचि सिंह चौहान ने कहा कि हर क्षेत्र में बेटियां आगे हैं।

नैनो न्यूज

तमंचे की नोक पर मारपीट कर लूट

ग्वालियर। देहात के बेहट थाना क्षेत्र में चितबई गांव के पास हाईवे पर आधा दर्जन लोगों ने एक युवक की मारपीट कर ?10 हजार लूट लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार बेहट के दंगियापुरा निवासी वीरेंद्र सिंह कुशवाह किरोल में रहते हैं। बीते रोज वह चितबई गांव से रिश्तेदार के यहां मिलने गए थे । जब वह वापस आ रहे थे तभी हाईवे पर मूलचंद कुशवाहा रामनिवास सोनू संजू अवधेश बजेश ने उसे रोक लिया और तमंचा लाकर उसकी मारपीट कर जेब में रखे ?10 हजार लूट कर भाग गए ।पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

नहर में महिला की लाश मिली

ग्वालियर। जिले के मोहना थाना क्षेत्र में स्थित चराई गांव के पास नहर में एक महिला की लाश मिली है। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार आज सुबह मोहना पुलिस को सूचना मिली कि चराई गांव के पास नहर में एक महिला की लाश पड़ी है ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और नहर से महिला के शव को बाहर निकाला मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने सबको पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर उसकी शिनाख्ती के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

अपहृत किशोरी बरामद आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर। मध्य प्रदेश रीवा से अगवा कर लाई गई एक किशोरी को रीवा पुलिस ने क्राइम ब्रांच के सहयोग से हजीरा क्षेत्र से बरामद कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बीते दिनों रीवा से एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया था ।रीवा पुलिस ने जांच की तो पता चला किशोरी को ग्वालियर लाया गया है। इसी सूचना के आधार पर रीवा पुलिस ग्वालियर पहुंची और स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा ।क्राइम ब्रांच ने रीवा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए जब स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि युवक किशोरी को ऑटो से लेकर हजीरा की तरफ आया है। इसी आधार पर पुलिस ने हजीरा क्षेत्र में राजकिशोर रावत के यहां दबिश देकर अगवा की गई छात्रा को बरामद कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने दबोचे आधा दर्जन जुआरी

ग्वालियर। शहर की पड़ाव थाना पुलिस ने गेस्ट हाउस में दबिश देकर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है ।जानकारी के अनुसार पढ़ाओ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मी गेस्ट हाउस में जुआ चल रहा है ।इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने गेस्ट हाउस में दबिश दी और वहां हार जीत का दाव लगा रहे धर्मेंद्र सिंह, माधव, विष्णु यादव, दीपक कुमार तथा संतोष सिंह को गिरफ्तार कर ?10800 की नकदी तथा ताश की गड्डी बरामद की है ।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।

आग से झुलसी किशोरी ने दम तोड़ा

ग्वालियर। शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित नाका चंद्रबनी पर 26 सितंबर को आग से झुलसी किशोरी ने आज अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार झांसी रोड नाका चंद्रबदनी निवासी भीकम सिंह कुशवाह डिस्पेंसरी के पास पोहे का ठेला लगाते हैं। 26 सितंबर को घर पर उनकी पुत्री पल्लवी अकेली थी पर उसकी मां कहीं बाहर गई थी ।तभी पल्लवी ने छत पर अपने ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा ली थी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी ।किशोरी को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।

जेयू के गोदरेज कंपनी और सूर्या रोशनी के साथ हुए एमओयू साइन

जेयू के छात्र करेंगे उद्योगों की विजिट, सीखेंगे वहां का प्रबंधन, प्लेसमेंट में मिलेगी मदद

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राएं अब संबंधित उद्योगों में जाकर ट्रेनिंग ले सकेंगे और वहां के मैनेजमेंट स्किल को सीख सकेंगे। इसका फायदा उन संबंधित उद्योगों को भी होगा। इसके लिए दो एमओयू मंगलवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के टंडन हॉल में साइन हुए। इनमें पहला एमओयू जेयू और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी के साथ रहा, जबकि दूसरा जेयू का सूर्या रोशनी के साथ रहा। इनमें जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने हस्ताक्षर किए, जबकि गोदरेज कंपनी की ओर से एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट(एचआर) अविनाश मिश्रा, सूर्या रोशनी लिमिटेड की ओर से कंपनी के कंसल्टेंट बीके बेहरा और जीएम(एचआर) मुकुल चतुर्वेदी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जेयू की ओर से कुलाधिसचिव प्रो. उमेश होलानी, कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया, वित्त नियंत्रक सगीरा सिद्दीकी, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. योगेश उपाध्याय सहित प्रो. अविनाश तिवारी, डॉ. स्वर्णा परमार आदि मौजूद रहे ।

दिए जाएं सर्टिफिकेट: कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि ऐसे प्रयास लगातार हो सकें जिनसे छात्रों में इनोवेशन करने की इच्छा जागृत हो सके। वे अपने आइडिया को क्रियान्वित कर सकें। इसके साथ ही छात्रों का ग्रुप तैयार किया जाए और उन्हें इंडस्ट्री की विजिट कराई जाए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में होने वाले प्रोग्राम्स से छात्र अपडेट हो सकें साथ ही उन्हें उन प्रोग्राम या ट्रेनिंग से संबंधित सर्टिफिकेट भी दिए जाएं। मैनेजमेंट विभाग के डीन प्रो. योगेश उपाध्याय ने कहा कि इन एमओयू से इंडस्ट्रियल प्रोग्राम का आदान-प्रदान करने में मदद मिल सकेगी।

एमओयू के खास बिंदु: इन एमओयू से विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षकों के साथ संबंधित उद्योगों के कर्मियों को भी फायदा मिल सकेगा। वे आपस में प्रशिक्षण ले सकेंगे। व्यावहारिक ज्ञान का आदान- प्रदान होगा। छात्र-छात्राएं संबंधित इंडस्ट्री में जाकर विजिट कर सकते हैं और ट्रेनिंग भी कर सकेंगे। उन्हें संबंधित इंडस्ट्री के मैनेजमेंट सिस्टम को सीखने में मदद मिल सकेगी। अपने इनोवेटिव आइडिया को एक्टिव करने में उन्हें सहायता मिलेगी। छात्रों का

3 साल के बेटे संग फंदे पर झूली गर्भवती

सुसाइड नोट में लिखा- मैं जीवन से दुखी हो गई हूं, अब खुश रहना तुम्हारे रास्ते का कांटा हट गया

ग्वालियर। ग्वालियर में सोमवार शाम 7 महीने की गर्भवती ने 3 साल के बेटे के साथ फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला ने 5 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। इसमें उसने ससुराल वालों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पति से कहा है कि अब तो आप खुश रहोगे, तुम्हारे के रास्ते का कांटा हट गया। यह भी लिखा है कि मैं जीवन से दुखी हो गई हूं।

मुरैना की रहने वाली प्रीति प्रजापति (28) की शादी 8 साल पहले ग्वालियर के हजीरा माधवी नगर के रहने वाले राजकुमार प्रजापति (30) से हुई थी। राजकुमार वॉल पुट?टी का कारीगर है। घर में मां-पिता के अलावा बड़ा भाई और भाभी भी है। शुरुआत में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन उसके बाद राजकुमार को जुए और शराब की लत लग गई। इसके बाद उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच 3 साल पहले प्रीति ने बेटे को जन्म दिया। उसका नाम कुनाल रखा। बेटा होने के बाद भी पति, सास, जेठ, जेठानी दहेज के लिए दबाव बनाने लगे। प्रीति 7 महीने की गर्भवती थी। सोमवार को राजकुमार और उसका बड़ा भाई काम पर गया था। सास और जेठानी किसी काम से बाहर गई थीं। इसी बीच शाम को प्रीति ने साड़ी से फंदा बनाकर बेटे सहित फांसी लगा ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब पड़ोस की एक महिला उनके घर पहुंची। तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर ष्टस्क्र रवि भदौरिया, ड्ढढ्ढ हजीरा आलोक सिंह परिहार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को निगरानी में लेकर जांच शुरू की है। आसपास के लोग जब अंदर पहुंचे, तो कुछ पल के लिए लगा कि प्रीति बच्चे को गोद में लेकर खड़ी है, लेकिन जब दोनों के गले में साड़ी का फंदा देखा तो माजरा समझ में आया। सूचना मिलते ही मुरैना से प्रीति की मां, भाई व पिता मौके पर पहुंच गए। उसके बाद ही पुलिस ने शवों को नीचे उतारा।

मां ने कहा- तीनों की हत्या की गई है: प्रीति की मां पार्वती का कहना है कि बेटी, नाती कुनाल और पेट पल रहा गर्भ तीनों की हत्या की गई है। उनको मारकर फांसी का रूप दिया गया है। कुछ महीने पहले प्रीति के पेट में उसके जेठ जीतू ने लात मारी थी। इसके बाद हम बेटी को घर ले गए थे। जन्माष्टमी पर राजकुमार उसे वापस ले आया था। प्रीति नहीं आना चाहती थी, लेकिन उसने आत्महत्या की धमकी दी थी। इसलिए बेटी को भेजना पड़ा।

मैं जा रही हूं तुम अपनी दुनिया में खुश रहना: प्रीति ने 5 पेज का सुसाइड नोट छोड़ा है। उसने शादी से लेकर मौत के चंद सेकंड पहले तक हर एक बात का जिक्र किया है। उसने मौत के लिए पति, सास, जेठ व जेठानी को जिम्मेदार ठहराया है। उसने लिखा है कि इस जीवन से अब मैं दुखी हो चुकी हूं। जब शादी हुई थी, तो कई सपने थे। पति भी ठीक रहता था। उसके बाद पति जुआ, शराब पीने लगे। मेरी जिंदगी नरक होती चली गई। मैं और मेरा बेटा जान दे रहे हैं। अब आप खुश रहना। आपके रास्ते कांटा हट गया है। इतना ही नहीं प्रीति ने अपने ऊपर हो रहे हर जुर्म का जिक्र सुसाइड नोट में लिखा है। उसने यह भी लिखा है कि उसके गर्भवती होने पर कैसे जेठ ने उसे लात मारी।

सहारा के सुब्रत राय सहित 7 पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

ग्वालियर। क्राइम ब्रांच ने सहारा इंडिया के मालिक सुब्रत राय सहारा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जिले के भितरवार में रहने वाले नरेंद्र पुत्र महावीर अग्रवाल ने सहारा इंडिया की बस स्टैंड के पास स्थित डबरा ब्रांच में 30 अप्रैल 2014 से लेकर 30 अप्रैल 2020 तक कई पॉलिसियां सहारा कंपनी की ली थी। इसमें उसे झांसा दिया गया था कि उसकी जमा रकम को जल्द ही 2 गुना से लेकर 3 गुना कर दिया जाएगा। धीरे-धीरे नरेंद्र अग्रवाल में अपने खाते में 15 लाख रुपए की विभिन्न पॉलिसी सहारा कंपनी की ले ली। लेकिन जब मैच्योरिटी का टाइम आया तो कंपनी के पदाधिकारी टालमटोली करने लगे। इसके लिए नरेंद्र अग्रवाल ने ग्वालियर से लेकर लखनऊ तक शिकायत की।

आउटसोर्स कर्मचारियों ने घेरा ऊर्जामंत्री का बंगला

बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारियों ने हड़ताल के दूसरे दिन ऊर्जामंत्री के बंगले पर किया प्रदर्शन, मंत्री भोपाल में थे वहीं से फोन पर बोले-मैं हूं न

ग्वालियर। मध्य पूर्व और पश्चिम क्षेत्र सहित सभी 6 बिजली कंपनियों के 35 हजार से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारी सोमवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। इनमें ग्वालियर के 1100 कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारी संविलियन करने और आउटसोर्स एजेंसियों से रूके बोनस को दिलाने सहित अन्य मागों को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारियों ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बंगले पर पहुंचकर हंगामा किया।

यहां प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की है। ऊर्जामंत्री शहर में नहीं थे वह भोपाल में है। जब हंगामे का पता लगा तो उन्होंने तत्काल कॉल किया। फोन पर आउटसोर्स कर्मचारियों से कहा कि आप घबरा क्यों रहे हो मैं हूं न आपके लिए लड़ने के लिए जल्द आपकी समस्याओं का निराकरण होगा। ग्वालियर में बिजली विभाग में लगे करीब 1100 आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। मंगलवार को बिजली कर्मचारियों ने पहले रोशनी घर बिजली दफ्तर में धरना प्रदर्शन किया। दोपहर बाद आउटसोर्सिंग कर्मचारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बंगले पर पहुंचे। ऊर्जा मंत्री के बंगले के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। बिजली विभाग में संविलियन की मांग को लेकर आउट सोर्स कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगे नहीं माने जाने तक उनका यह धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। मंत्री के बंगले पहुंचे कर्मचारियों ने कहा कि अफसर उनकी हड़ताल खत्म कराने के लिए FIR दर्ज करने की धमकियां तक दे रहे हैं। हालांकि ऊर्जामंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर बंगले पर मौजूद नही थे। मंत्री ने आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव से फोन पर बात की और उन पर किसी तरह की FIR नही होने देने का भरोसा दिलाया।

कमलाराजा अस्पताल में 36 बेड पर डेंगू, वायरल, दिमागी बुखार से पीड़ित 85 बच्चे भर्ती, दो बच्चों ने दम तोड़ा

ग्वालियर। ग्वालियर-चंबल अंचल के सबसे बड़े अस्पताल में बीते 24 घंटे में दिमागी बुखार से दो बच्चों की मौत हो गई है। डेंगू, वायरल के बाद अब दिमागी बुखार तेजी से बच्चों में फैल रहा है। यह दिमागी बुखार (पायजैनिक मेनिंजाटिस) धीरे-धीरे जानलेवा होता जा रहा है। हालत यह है कि एक बेड पर तीन से चार बच्चों को भर्ती किया गया है। 36 बेड पर 85 बच्चे भर्ती हैं। ज्यादातर वायरल, डेंगू, दिमाग बुखार से पीड़ित हैं। इनमें से 12 बच्चों की स्थिति ज्यादा गंभीर है।

जयारोग्य मेडिकल कॉलेज (JAH) के कमलाराजा हॉस्पिटल (KRH) के डॉक्टर लगातार बच्चों के इलाज में लगे हैं, लेकिन स्थिति बेकाबू होती जा रही है। एक दिन पहले कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक ने भी चत्रञ्ज से निरीक्षण किया था। इसमें एक बेड पर तीन-तीन बच्चे कहीं तो चार बच्चे भी भर्ती देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। बच्चों की दिमागी बुखार से मौत के मामले में चत्रञ्ज से कोई भी डॉक्टर बोलने को तैयार नहीं हैं, पर इतना जरूर है कि JAH अधीक्षक बच्चों की मौत के जांच के आदेश दिए हैं। ग्वालियर में डेंगू, वायरल के बाद अब दिमागी बुखार से भी पीड़ित बच्चे मिलने लगे हैं। कुछ दिन पहले पिछोर से आए 5 साल के बच्चे अल्तमस को बचाने के लिए डॉक्टरों ने काफी प्रयास किए, लेकिन उसे बचा नहीं सके। सोमवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया था। उसे कार्डियोपल्मोनरी रिसिसटेशन (CPR) व दिमागी बुखार (पायजैनिक मेनिंजाटिस) बीमारी थी, जिस कारण उसकी मौत हुई। एक अन्य बच्चे ने भी इसी दिमागी बुखार से दम तोड़ा है। चत्रञ्ज ने बच्चों की मौत की पुष्टि की है, लेकिन कोई भी डॉक्टर इसमें बोलने से बच रहा है। यह बच्चे हाल ही में भर्ती किए गए थे। जब छ्व॥ के अधीक्षक आरकेएस धाकड़ से बात की तो उन्होंने कहा कि इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं है। HOD डॉ. अजय गौड़ से बात करेंगे।

जरूरतमंदों का बड़ा सहारा बनी है जन-सुनवाई 'खुशियों की दास्ता'

ग्वालियर। कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने के बाद फिर से शुरू हुई जन-सुनवाई ने असहाय एवं जरूरतमंदों को बड़ा सहारा दिया है। लोगों को जन-सुनवाई के रूप में एक ऐसा मंच मिल गया है, जिसके माध्यम से वे अपनी समस्यायें व कठिनाईयों का सामधान प्राप्त कर सकते हैं। इसका जीवंत उदाहरण ग्वालियर कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में देखने को मिला। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की दो महिलाओं सहित तीन लोगों को आर्थिक मदद मिली तो अन्य लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान की रूपरेखा भी बन गई। साथ ही जरूरतमंद लोगों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी जन-सुनवाई में हो गया। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में डबरा से आई श्रीमती ओमवती व राजामंडी ग्वालियर निवासी श्रीमती मीना एवं घाटीगाँव निवासी अंकुश जाटव को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रेडक्रॉस और शासन की अन्य योजनाओं के तहत नगद आर्थिक मदद दिलवाई। आर्थिक तंगी में जिंदगी बसर कर रहे परिवारों से ताल्लुक रखने वाली इन महिलाओं व अंकुश जाटव को इलाज व अन्य जरूरी प्रयोजन के लिये यह सहायता दिलाई गई। इसी तरह कुष्ठ रोग से पीड़ित श्री सुरेश सिंह व उनकी धर्मपत्नी लखी देवी को कुष्ठ रोग मानव सेवा आश्रम में भर्ती कराकर उनके इलाज का इंतजाम भी कराया गया। इसी तरह मदद की आस में जन-सुनवाई में पहुँचे अन्य लोगों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी हो गया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478